# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 171 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 20 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**
पुलिस ने पकड़ी हुक्का-शराब पार्टी



**P- 4**
कमिश्नर और डीआईजी ने पोलिंग पार्टियों, पुलिस बल के रवाना स्थल



**P- 5**
मंत्रियों ने नेतन्याहू को दिया अल्टीमेटम कहा- मांग नहीं मानेंगे तो 8 जून



**P- 6**
टी20 विश्व कप में 'इम्पैट प्लेयर' नियम का नहीं होना अंतर पैदा करेगा



## हैप्पी मॉर्निंग


एक व्यक्ति सुबह-सुबह भगवान को कोसे जा रहा था
हे भगवान ये तेरी कैसी माया है?
'अपना बच्चा रोए तो दिल में दर्द और दूसरे का रोए तो सिर में दर्द।'
'अपनी बीवी रोए तो सिर में दर्द और पराई रोए तो दिल में दर्द।



## शायरी

वो ताज़ा-दम हैं नए शोबदे दिखाते हुए
अवाम थकने लगे तालियाँ बजाते हुए

## अर्थसार



संसेक्स:
73,917.03
+253.31 (0.34%)
निफ्टी:
22,466.10
+62.25

## मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 37
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 22

# राहुल-अखिलेश की सभा में हंगामा

## प्रयागराज में समर्थकों ने सुरक्षा घेरा तोड़ा, पुलिस से धक्का-मुक्की; कई समर्थक घायल

एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज के फूलपुर में रविवार को राहुल गांधी और अखिलेश यादव की संयुक्त रैली में हंगामा हो गया। राहुल-अखिलेश के मंच पर पहुंचते ही समर्थक बेकाबू हो गए।

उन्होंने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया। मंच की तरफ बढ़ने लगे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, तो धक्का-मुक्की की। पुलिस ने लाठी चलाई तो भगदड़ जैसे हालत हो गए। कई समर्थक चोटिल हो गए।

मंच पर बैठे अखिलेश ने समर्थकों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी। करीब 15 मिनट तक भीड़ बेकाबू रही। अखिलेश के साथ राहुल ने भी हाथ उठाकर लोगों से शांत रहने की अपील की।

जब दोनों नेताओं की समर्थकों ने नहीं सुनी तो यह देखकर अखिलेश नाराज हो गए। अखिलेश उठे और मंच से जाने लगे। मंच पर मौजूद नेताओं ने अखिलेश को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह इतना नाराज हो गए कि मंच के पीछे बने हैलिपेड की तरफ चल पड़े।

अखिलेश के साथ राहुल भी मंच से उतर आए। दोनों नेता रैली को संबोधित किए बिना ही मंच छोड़कर हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए। अखिलेश और राहुल फूलपुर से सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के लिए प्रचार करने के लिए पडिला पहुंचे थे।

यहां से भाजपा ने प्रवीण पटेल को उतारा है। सपा के MLC डॉ. मान सिंह यादव ने कहा- विशाल जनसैलाब को देखकर भाजपा के होश ठिकाने लग गए। इसी साजिश और उनकी मिलीभगत के तहत यहां फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई। इस वजह से अव्यवस्था हुई।

# केजरीवाल बोले- पीएम ने ऑपरेशन झाड़ू लॉन्च किया

## आप नेताओं को गिरफ्तार करेंगे, अकाउंट फ्रीज करेंगे, पार्टी दफ्तर बंद कराएंगे



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आप सांसदों, विधायकों और नेताओं के साथ भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन के लिए मार्च किया।

वे दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी के ऑफिस पहुंचे और आधे घंटे बाद पार्टी नेताओं के साथ 800 मीटर दूर भाजपा हेडक्वार्टर की ओर कूच कर गए।

हालांकि प्रदर्शन किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी के बिना करीब 1: 30 बजे खत्म हो गया। पुलिस ने कुछ क्क समर्थकों को हिरासत में लिया, जिन्हें कुछ देर बाद छोड़ दिया गया।

पुलिस ने प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। भाजपा ऑफिस के बाहर धारा 144 लगा दी गई थी।

साथ ही आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। अरविंद केजरीवाल ने 18 मई को स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी अपने आप बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद वीडियो जारी कर भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन की घोषणा की थी।

उन्होंने आज कहा- भाजपा ने हमें खत्म करने के लिए तीन प्लान बनाए हैं, पहला- चुनाव बाद पार्टी के अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। दूसरा- पार्टी के बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया जाएगा। तीसरा- पार्टी दफ्तर खाली कराया जाएगा।

उधर, आप के प्रदर्शन के बीच स्वाति मालीवाल ने पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने लिखा- कभी निर्भया के लिए इंसाफ मांगने वाले अब आरोपी (बिभव कुमार) का साथ दे रहे हैं।

# 3 नए क्रिमिनल कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

## याचिका में कहा- बिल बिना बहस के पास हुए, तब ज्यादातर विपक्षी सांसद सस्पेंड थे

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आज 3 नए आपराधिक कानूनों को लेकर सुनवाई है। सुप्रीम कोर्ट की वैकेशन बेंच में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल मामले की सुनवाई कर सकते हैं।

सरकार बता चुकी है कि इन भारतीय दंड संहिता में सुधारों के बाद ये तीनों कानून बने।

तीनों कानूनों को लेकर याचिका एडवोकेट विशाल तिवारी ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि ये तीनों बिल संसद में बिना बहस के पास कर दिए गए। साथ ही उस समय ज्यादातर विपक्षी सांसद सस्पेंड थे।

लोकसभा ने 21 दिसंबर 2023 को तीन बिलों भारतीय न्याय (दूसरा) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (दूसरा) संहिता और भारतीय साक्ष्य (दूसरा) संहिता बिल पास किए थे। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन बिलों पर दस्तखत किए थे।

### एक जुलाई से लागू होंगे 3 नए क्रिमिनल लॉ

तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। सरकार ने 24 फरवरी 2024 को इससे जुड़ी अधिसूचना जारी की थी। यानी इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।



नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा।

जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली आईपीसी की धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी।

ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं, दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। हालांकि, हिट एंड रन केस का संबंधित प्रावधान तुरंत लागू नहीं होगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने जनवरी में कहा था कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को लागू करने का फैसला अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से सलाह के बाद ही लिया जाएगा।

# सबसे गर्म रहा नजफगढ़, तापमान 47.8 रिकॉर्ड

## दिल्ली की हरियाणा से लगती हुई सीमा वाले इलाकों में सबसे ज्यादा गर्मी लोगों को झेलनी पड़ रही है

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का नजफगढ़ क्षेत्र रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। रविवार को यहां पर अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि देश भर में सबसे ज्यादा है। दिल्ली का मुंगेशपुर और उत्तर प्रदेश का आगरा ताज मौसम केन्द्र दूसरे स्थान पर रहे हैं। दिल्ली के लोगों को इन दिनों साल के सबसे ज्यादा झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर दिल्ली की हरियाणा से लगती हुई सीमा वाले इलाकों में सबसे ज्यादा गर्मी लोगों को झेलनी पड़ रही है।

### नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री रिकॉर्ड

रविवार को नजफगढ़ का अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो रविवार के दिन देश का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान है। यह तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

### नंबर दो पर आगरा, 47.7 डिग्री तापमान

इसके बाद आगरा ताज मौसम केन्द्र का नंबर है। यहां पर अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिल्ली के मुंगेशपुर केन्द्र में भी अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी दूसरे स्थान पर यह दोनों ही मौसम केन्द्र मौजूद रहे हैं। जबकि, मध्य प्रदेश का दतिया इलाका तीसरे स्थान पर रहा है। यहां का अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# एटा में फर्जी मतदान कर बनाया वीडियो

लखनऊ। फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के लिए एक बूथ पर फर्जी मतदान करने का वीडियो सामने आया। एटा की अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-343 में एक लड़का भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के पक्ष में 8 वोट डालने का वीडियो बनाता है। एक के बाद एक फर्जी मतदान करता है। वीडियो वायरल होने पर जिला प्रशासन ने एटा के थाना नया गांव में एफआईआर दर्ज कराई है। वीडियो में फर्जी वोट डालते हुए दिखाई दे रहा युवक खिरिया पमारान के प्रधान अनिल ठाकुर का बेटा राजन सिंह ठाकुर बताया जा रहा है। फर्रुखाबाद लोकसभा के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य ने मामले की शिकायत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, एटा और फर्रुखाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी से की। वहीं, एक युवक की कैसरगंज लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी से वॉट्सऐप चैट सामने आई है। इसमें पीठासीन अधिकारियों की बोली लगाई जा रही है। बसपा प्रत्याशी ने युवक के चैट का स्क्रीनशॉट लेकर रिटर्निंग अफसर से शिकायत की है। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पहले आजमगढ़ और फिर जौनपुर में जनसभाओं को संबोधित किया।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस हिरासत से नक्सली फरार

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को यहां एक नक्सली पुलिस की हिरासत से फरार हो गया। आज उसे इलाज के लिए दंतेवाड़ा अस्पताल लाया गया था। इसके बाद प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा पुलिस ने चार दिन पहले नक्सली को गिरफ्तार किया था। रविवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। इसी दौरान उसने प्रहरी को कहा कि उसे बाथरूम जाना है। गिरफ्तार नक्सली ने पुलिस को चकमा दे अस्पताल से फरार हो गया। नक्सली के फरार होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

# पांचवें चरण की तैयारियां पूरी, आज होगा मतदान

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।




चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये उचित प्रबंधन करने के लिये पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गयी है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो। मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधायें हों।

आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है।

आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्य / केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डाल कर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष तथा 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति तीन और अनुसूचित जाति की सात सीटें हैं।

**आतंकी हमले** | शोपियां में भाजपा नेता की हत्या; अनंतनाग में राजस्थान के कपल पर फायरिंग, पति गंभीर

# जम्मू-कश्मीर में वोटिंग से पहले 2 आतंकी हमले, दंपत्ति घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में शनिवार (18 मई) की रात एक घंटे के भीतर दो जगह आतंकी हमले हुए। पहली घटना अनंतनाग के पहलगाम के पास एक ओपन टूरिस्ट कैंप की है। यहां आतंकियों ने एक टूरिस्ट कपल को गोली मार दी। कपल राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। पति-पत्नी रिसॉर्ट में रुके हुए थे।

महिला का नाम फराह और उसके पति का नाम तबरेज है। पति को सिर में गोली लगी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, पत्नी फराह को सीने और कंधे पर चोट आई है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कपल को घटना के बाद नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोनों की हालत को देखते हुए देर रात उन्हें जीएमसी अनंतनाग रेफर किया गया। इसके बाद रविवार सुबह दोनों को श्रीनगर के अस्पताल शिफ्ट किया गया है।

इस घटना के कुछ देर बाद शोपियां के हीरपोरा में रात करीब 10.30 बजे आतंकियों ने लोकल भाजपा नेता ऐजाज अहमद शेख को गोली मार दी। ऐजाज अहमद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। ऐजाज अहमद पूर्व सरपंच थे। घटना को लेकर इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।



जम्मू-कश्मीर में दोनों हमले तब हुए है, जब यहां आर्टिकल-370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। 20 मई को पांचवें फेज में बारामूला सीट पर मतदान होना है। 25 मई को छठे फेज में अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान होगा। उधमपुर और जम्मू में 19 और 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। श्रीनगर में 13 मई को वोटिंग हुई थी।

### अब्दुल्ला बोले- हमारे पर्यटन उद्योग को खत्म किया जा रहा है

साउथ कश्मीर में हुई दोनों घटना को लेकर उमर अब्दुल्ला ने कहा- मुझे दुख हुआ। एजाज अहमद के परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। तबरेज और फराह के जल्द स्वस्थ होने की मैं कामना करता हूं। वहीं, फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यहां आतंकवाद अभी भी कायम क्यों है। इसकी जांच होनी चाहिए। पहलगाम में कुछ पर्यटकों पर भी हमला हुआ है। हमारे पर्यटन उद्योग को प्रभावित किया जा रहा है, उसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

### 50 लोगों के साथ घूमने गया था जयपुर का कपल

आतंकी हमले में घायल हुए कपल फरहा और तबरेज जयपुर के ब्रह्मपुरी इलाके के रहने वाले हैं। चार दिन पहले वे करीब 50 लोगों के एक ग्रुप के साथ कश्मीर घूमने गए थे। तबरेज जयपुर में प्रॉपर्टी का काम करते हैं और फरहा हाउस वाइफ हैं। उनके साथ उनके दो छोटे बच्चे भी गए थे। हमले के बाद वे किस हालत में हैं, फिलहाल पता नहीं लग पाया है।

# जोधपुर में हाईवे पर ट्रक ने 3 को कुचला

एजेंसी

जोधपुर। हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने फेंसिंग का काम कर रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों को कुचल दिया। हादसे में 2 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक ने अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। ट्रक ने सड़क के किनारे खड़ी एक बोलेरो को भी टक्कर मारी। इसके बाद हाईवे की फेंसिंग से टकरा कर रुक गया। सूचना मिलने के बाद राजीव गांधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों के शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। सूचना के अनुसार जोधपुर के राजीव गांधी थाना क्षेत्र के तिलवाड़िया फांटा के पास कंस्ट्रक्शन कंपनी के 2 मजदूर और 1 सुपरवाइजर फेंसिंग का काम कर रहे थे।

दोपहर 12: 30 बजे के करीब एक बेकाबू ट्रक ने रोड पर खड़ी एक बोलेरो गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद बोलेरो के पास ही खड़े तीनों को कुचलता हुआ आगे किनारे लगी फेंसिंग से टकरा कर रुक गया। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे को हॉस्पिटल ले जाते वक्त उसने दम तोड़ दिया। तीनों जोधपुर रिंग रोड पर फेंसिंग का काम कर रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया।

# अवैध कोयला खनन रोकने की चुनौती

अवैध कोयला खनन भारत के लिए एक महत्वपूर्ण और जटिल समस्या है। यह समस्या न केवल आर्थिक और पर्यावरणीय नुकसान का कारण बनती है, बल्कि समाज के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार और असमानता को भी बढ़ावा देती है। अवैध खनन से उत्पन्न समस्याएं अनेक प्रकार की होती हैं, जिनमें मानवाधिकारों का उल्लंघन, स्थानीय समुदायों का विस्थापन, और पर्यावरणीय क्षति प्रमुख हैं।

भारत में कोयला खनन का इतिहास लंबा और जटिल है। कोयला ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं का एक बड़ा हिस्सा इसी से पूरा होता है। हालांकि, कोयला खनन का कानूनी ढांचा कमजोर और भ्रष्टाचार से प्रभावित है, जिसके कारण अवैध खनन का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। अवैध खनन से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि यह पर्यावरण और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

### अवैध कोयला खनन के प्रभाव

वायु प्रदूषण : अवैध खनन में सुरक्षा मानकों की अनदेखी होती है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। खदानों से निकलने वाली धूल और अन्य प्रदूषक तत्व वातावरण को दूषित करते हैं। जल प्रदूषण : अवैध खनन से नदियों और जलाशयों में हानिकारक रसायनों का रिसाव होता है, जिससे जल स्रोत प्रदूषित होते हैं और जलीय जीवन को खतरा होता है। भूमि क्षरण : खनन गतिविधियों से भूमि का क्षरण होता है, जिससे कृषि भूमि की उपजाऊ क्षमता कम हो जाती है। मानवाधिकारों का उल्लंघन : अवैध खनन में काम करने वाले मजदूरों को उचित वेतन, सुरक्षा, और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलतीं, जिससे उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। स्थानीय समुदायों का विस्थापन : अवैध खनन के कारण कई बार स्थानीय समुदायों को अपनी जमीन छोड़नी पड़ती है, जिससे उनका जीवनयापन कठिन हो जाता है। स्वास्थ्य समस्याएं : अवैध खनन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में सांस की बीमारियाँ, त्वचा रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं आम हो जाती हैं। सरकारी राजस्व का नुकसान : अवैध खनन से सरकार को भारी राजस्व हानि होती है, जो विकास परियोजनाओं और जनकल्याण योजनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। काले धन का प्रसार : अवैध खनन से उत्पन्न धन का उपयोग काले धन के रूप में किया जाता है, जो आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा देता है।


### अवैध कोयला खनन रोकने की चुनौतियाँ

कानूनों का कमजोर कार्यान्वयन : अवैध खनन रोकने के लिए कई कानून और नियम बने हैं, लेकिन उनका सही तरीके से कार्यान्वयन नहीं हो पाता। इसके पीछे भ्रष्टाचार, प्रशासनिक उदासीनता और राजनीतिक हस्तक्षेप प्रमुख कारण हैं। जटिल प्रक्रियाएँ : कानूनी प्रक्रियाएँ जटिल और लंबी होती हैं, जिसके कारण अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई में देरी होती है। प्रभावी निगरानी की कमी : खनन क्षेत्रों की निगरानी के लिए पर्याप्त संसाधन और तकनीकी उपकरणों की कमी है, जिससे अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण मुश्किल हो जाता है।

### कानूनी और प्रशासनिक सुधार

कानूनों का कड़ाई से पालन : खनन कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसके लिए स्वतंत्र निगरानी एजेंसियों की स्थापना की जा सकती है। प्रशासनिक सुधार : प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाने के लिए सुधार आवश्यक हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाकर प्रशासनिक अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जा सकता है। तकनीकी उपाय : खनन क्षेत्रों की निगरानी के लिए ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है।

# गुलदस्त-ए-हिन्द में फलती फूलती 'विष बेल'



तनवीर जाफ़री




भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व यानी लोकसभा का आम चुनाव अपने समापन की ओर अग्रसर है। देश के चुनावी इतिहास में 2024 का चुनाव हमेशा याद रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सहयोगी नेताओं ने गोदी मीडिया की जुगलबंदी से इस बार चुनाव प्रचार में जितना ज़हर घोलने व झूठ पर झूठ बोलने का कीर्तिमान स्थापित करने की कोशिश की गयी वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने वैसे तो पिछले दस वर्षों से अपनी सत्ता की पूरी ताक़त इसी में लगा रखी है कि किस तरह अपने विरोधियों को टुकड़े टुकड़े गैंग का नाम दिया जाये,उन्हें पाकिस्तानी बताया जाये ,देश विरोधी व सेना विरोधी बताया जाये ,भ्रष्ट व निकम्मा बताया जाये ,मुस्लिम परस्त व तुष्टीकरण का पैरोकार साबित किया जाये,पिछले सभी शासन व पूर्व प्रधानमंत्रियों को निकम्मा बताया जाये। और साथ ही स्वयं को दैवीय शक्ति का स्वामी होने के साथ अवतरित होने वाला एक ऐसा महापुरुष जिसे पहले तो गंगा ने केवल बुलाया था परन्तु अब तो गोद भी ले लिया है।

चुनावी बेला में सत्ता पर क़ब्ज़ा बरक़रार रखने के लिये और अपने विरोधियों को नीचा दिखाने व बदनाम करने के लिये प्रधानमंत्री स्तर पर जिस तरह के ज़हरीले बोल इन दिनों बोले जा रहे हैं ऐसी बातों की कभी कल्पना भी नहीं की गयी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर सभाओं में फिर कहा है कि -कांग्रेस व समाजवादी पार्टी अगर सत्ता में आई तो यह लोग रामलला को टेंट में भेज कर मंदिर में बुल्डोज़र चलवा देंगे। कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को पलटने की तैयारी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि इनके लिए तो उनका परिवार और पावर यही उनका खेल है। सपा, कांग्रेस की 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। प्रधानमंत्री मोदी के उपरोक्त आरोपों से दो अहम सवाल सिर्फ़ मोदी से ही पूछे जाने चाहिये। एक तो यह कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की इस सूचना का आख़िर क्या स्रोत है कि -सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवा देंगे% ? यदि कोई स्रोत नहीं तो यह सफ़ेद झूठ और लफ़्फ़ाज़ी सिर्फ़ साम्प्रदायिक आधार पर मतों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास नहीं तो और क्या है ।

और उन्हीं के आरोपों से जुड़ा दूसरा सवाल यह कि जब सपा व कांग्रेस को उनके अनुसार 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया और अब मोदी के अनुसार इस पर बुलडोज़र भी चलवा देंगे ? फिर आख़िर ऐसे राम विरोधियों को निमंत्रण भिजवाया ही क्यों गया ?

क्या सिर्फ़ इसलिये नहीं कि उन्हें अंदाज़ा था कि वे राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा को राजनैतिक रंग में रंगने के इस भाजपा व संघ के आयोजन को अस्वीकार करेंगे और तब इन्हें यह मौक़ा मिलेगा जो आज कहते फिर रहे हैं ? मोदी जी रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को लेकर उन चारों शंकराचार्यों पर क्यों नहीं बोलते जिन्होंने उनका निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और इस आयोजन को भी विधि विधान के विरुद्ध बताया।

आज भी एक शंकराचार्य वे डंके की चोट पर कह रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा पुनः की जायेगी,मंदिर निर्माण अभी केवल 30 प्रतिशत हुआ है और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूरी तरह अनैतिक व अवैधानिक है। परन्तु शंकराचार्य की इन बातों का कोई जवाब नहीं देता जो ख़ुद 22 जनवरी के इस आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बताते रहे हैं।

पिछले दिनों इसी नफ़रती बयानबाज़ियों की एक और बानगी उत्तर पूर्वी दिल्ली के थाना उस्मानपुर इलाक़े के करतार नगर में तब देखने को मिली जब दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार को उन्हें माला पहनाने के बहाने से उनके क़रीब पहुंचे दो लोगों ने उनपर पहले स्याही फेंकी फिर अचानक थप्पड़ों से हमला भी कर दिया । इसी बीच आम आदमी पार्टी की महिला निगम पार्षद के साथ भी हाथापाई की गई।

निगम पार्षद का आरोप है कि उनके साथ छेड़छाड़ भी की गई है। इस दौरान चार लोगों को चोट भी आई है । बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार व महिला पार्षद से मारपीट करने वाले लोग गोरक्षा दल से जुड़े हुए हैं।

घटना की वीडियो में हमलावर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि -भारत के टुकड़े-टुकड़े का नारा लगाने वालों का वह यही हाल करेंगे। देश का अपमान वह किसी क़ीमत पर नहीं सहेंगे।

यहां भी सवाल यह है कि टुकड़े तिकडे गैंग की अवधारणा किसने बनाई व प्रचारित की जिस कन्हैया कुमार के पूर्वजों का जन्म भारत में ही हुआ हो ,जिसकी मां ने आंगनवाड़ी में काम कर अपने बच्चों की परवरिश की हो,जिसका भाई फ़ौजी और बाप किसान हो उस पर सिर्फ़ इसलिये टुकड़े टुकड़े गैंग का लेबल लगा दिया जाये क्योंकि वह वैचारिक रूप से सत्ता का मुखर विरोधी है ?

इतना ही नहीं बल्कि उस पूरे जे एन यू को ही बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जाये जिसमें पढ़े अनेक नेता आज मंत्री सांसद व सचिव स्तर के अधिकारी हैं ? और यह आरोप भी उनके द्वारा लगाए जाएँ जो ख़ुद या तो अनपढ़ हैं या फ़र्ज़ी डिग्रियां रखते हैं ? यह आरोप उनके द्वारा लगाए जाएं जिनके पारिवारिक व राजनैतिक वंशजों का देश के लिये बलिदान देने का कोई इतिहास नहीं है ? यह आरोप उनके द्वारा लगाये जायें जो ख़ुद समाज को धर्म जाति क्षेत्र व भाषा के नाम पर लड़वाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाह रहे हों और देश को हिंसा व नफ़रत की आग में झोंकने के लिये प्रयासरत हों

सवाल यह है कि अनेकता में एकता का दर्शन देने वाले गुलदस्त-ए-हिन्द में गत दस वर्षों से सत्ता व सत्ता की दलाल मीडिया द्वारा जिस विष बेल को नफ़रत, साम्प्रदायिकता, झूठ.पाखंड व पूंजीवाद से सींचा गया है क्या अब वह फलती फूलती दिखाई देने लगी हैं ?

# टाईम पास

## डीपफेक के दुरुपयोग

यह चुनाव का मौसम है और डीपफेक का भी। भारत में तो लोकसभा के चुनाव चल ही रहे हैं, अमेरिका और ब्रिटेन में भी चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में अधिकारियों को बाधित करने के लिए विभिन्न तत्वों द्वारा डीपफेक की बाढ़ आने की आशंका निराधार नहीं है। डीपफेक दो शब्दों से बना है-आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी (एआई) आधारित डीप लर्निंग और फेक (नकली) से। डीपफेक एक कृत्रिम (बनावटी) मीडिया है, जिसमें बिना सहमति के किसी व्यक्ति की तस्वीर या वीडियो को उसी से मिलते-जुलते दूसरे व्यक्ति की तस्वीर या वीडियो से बदल दिया जाता है। शुरुआत में डीपफेक का इस्तेमाल पोर्नोग्राफिक (अश्लील) सामग्री तैयार करने के लिए किया जाता था। डीपफेक तकनीक वास्तविक और काल्पनिक के बीच की सीमा को धुंधला कर देती है।


जेनरेटिव एडवर्सरियल नेटवर्क्स नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों का उपयोग करते हुए डीपफेक शुरुआत में एक नवाचार थी, यानी एआई में किसी की विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने का एक मजेदार तरीका। लेकिन अब यह सच नहीं है। डीपफेक बहुतायत में हैं-राजनीतिक नेताओं के भाषणों में हेरफेर करके राजनीतिक अशांति फैलाने वाले से लेकर अनुचित सामग्रियों से मशहूर हस्तियों को जोड़ने तक।

डीपफेक के दुरुपयोग का दायरा व्यापक और बेहद परेशान करने वाला है। यह चुनाव या युद्ध जैसे मामलों में विशेष रूप से खतरनाक हो सकता है, जहां राजनीतिक नेताओं को ऐसी बातें कहते या करते हुए दिखाया जा सकता है, जो उन्होंने वास्तव में नहीं कहा या किया है-कुछ ऐसा, जो संभवत: मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है और लोकतंत्र व चुनाव की प्रक्रिया को बर्बाद कर सकता है। वर्ष 2020 में महारानी एलिजाबेथ ने टीवी पर एक संदेश दिया था, जो बाद में डीपफेक निकला। इस तकनीक के संभावित खतरों को उजागर करने के लिए विशेष रूप से महारानी के इस भाषण की व्यवस्था की गई थी। उदाहरण के लिए, अमेरिकी कांग्रेस की तत्कालीन स्पीकर नैन्सी पेलोसी के एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई थी, जिसमें उन्हें एक आधिकारिक भाषण के दौरान नशे में दिखाया गया था। डोनाल्ड ट्रंप की गिरफ्तारी दिखाने वाली एक अन्य तस्वीर ने बहुत से लोगों को बेवखूफ बनाया।

भारत में इस तरफ ध्यान तब गया, जब दो अभिनेत्रियों-कटरीना कैफ और रश्मिका मंधाना के साथ डीपफेक की समस्या हुई, जो इस डार्क तकनीक से बुरी तरह प्रभावित हुईं। डार्क टेक्नोलॉजी दुनिया भर की महिलाओं को निशाना बनाती है। यहां तक कि इस बार अमिताभ बच्चन और आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर तक ने इसका संज्ञान लिया। फिर कथित तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री को भी निशाना बनाया गया था, जिसने वास्तव में भारतीय अधिकारियों को चौंका दिया। उनके दिमाग में शायद यह बात ताजा है कि कैसे इमरान खान ने जेल में रहते हुए भी पाकिस्तान के नागरिकों से अपनी ही तरह दिखने और वैसी ही आवाज में बात करने के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया था।

डीपफेक अधिक परिष्कृत होते जा रहे हैं, क्योंकि इन्हें बनाने के लिए विशेषज्ञ सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। जनरेटिव एआई मॉडलों ने बड़े पैमाने पर उनका निर्माण आसान बना दिया है, अब इसके लिए किसी खास विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है। तो फिर डीपफेक को हम कैसे रोक सकते हैं ? इसकी पहचान के तरीके हैं, जो वीडियो में मानव आंख से न दिखने वाली विशिष्टताओं की जांच के लिए एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करती है। डीपट्रेस जैसी कंपनियों ने ऐसे सॉफ्टवेयर का आविष्कार किया है, जो छाया और प्रतिबिंबों का विश्लेषण करके डीपफेक की पहचान करता है। हालांकि, वायरस-एंटीवायरस की तरह यह निर्माताओं और डिटेक्टरों के बीच होड़ को बढ़ाता है। लेकिन सिर्फ तकनीक से ही इस खतरे को नहीं रोका जा सकता है, बल्कि इसके लिए हमें विनियमन और शिक्षा की भी आवश्यकता है। हमें डीपफेक बनाने वालों और उन्हें प्रसारित करने वालों को दंडित करने के लिए कुछ सख्त और अनुकरणीय कानून बनाने होंगे।

## काकुरो पहेली - 3187




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3186 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

दो मित्र आपस में बात कर रहे थे। एक मित्र ने कहा- 'यार, जब मैं सूट पहनकर सब्जी लेने जाता हूँ तो दुकानदार मुझे महँगी सब्जी देता है और जब गंदे कपड़े पहनकर जाता हूँ तो सस्ती देता है।'

दूसरे मित्र ने सुझाव दिया- 'यार तुम कटोरा लेकर जाया करो, मुफ्त में ही दे देगा।'

□ □ □

अपनी पत्नी के चिड़चिड़े और गुस्सैल स्वभाव से परेशान रमन एक बार किसी महात्मा के दर्शन के लिए और महात्मा से पूछा- महाराज, कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरी पत्नी हर बात में क्लेश और अपना चिड़चिड़ापन छोड़ दें।

महात्मा ने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया- बेटे! अगर इसका उपाय मुझे पता होता तो मैं संन्यास ही क्यों लेता।


□ □ □

पत्नी ने उलाहना देते हुए पति से कहा- 'क्योंजी, आप तो विवाह से पहले कहा करते थे कि तुम्हारी छोटी से छोटी इच्छा पूरी करूँगा।'

पति- 'हाँ, पर अब तक राह देख रहा हूँ कि तुम्हारी कौन-सी इच्छा इतनी छोटी है, जिसे मैं पूरी कर सकूँगा।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3187



**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3186**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म | श | व | जा | न | | आ | गा | ज |
| मं | | हु | | न | | र | ति | | मा |
| ग | ज | ल | | शी | बा | | श्र | बा | ना |
| | मी | | अ | न | जा | ना | | रू | |
| स | र | ग | म | | र | | स | द | मा |
| हे | | द | ला | ल | | सु | र | | ई |
| ली | ड | र | | ज्वा | | ख | | खे | ल |
| | कै | | का | | सो | | आ | | व |
| ग | त | औ | र | दि | न | | गे | | |
| खी | | | वॉ | | म | न | प | सं | द |

## सूडोकु -3187


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3186 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3187



**बाएँ से दाएँ**

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -3186 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ला | म | त | | म | हा | व | र | |
| का | म | | ही | र | | म | सि | | थ | ल |
| फी | | शा | न | | बं | | ल | ब | | क्ष्य |
| | | य | | म | हा | न | | र | | |
| | फ | र | मा | न | | र | स | खा | न | |
| का | की | | ल | | | | न | | र | ति |
| | र | नि | वा | स | | ह | म | द | म | |
| | | य | | र | ज | क | | स्त | | |
| जा | | म | जा | | हां | | श | क | | का |
| न | शा | | य | म | | पा | प | | सा | या |
| | म | हा | का | ल | | ल | थ | प | थ | |

# पुलिस ने पकड़ी हुक्का-शराब पार्टी

## शराब, शबाब और नशा तीनों का होता है काकटेल, 5 हजार तक एंट्री फीस; सोशल मीडिया से बुकिंग






नोएडा। नोएडा पुलिस ने मुजरा पार्टी पकड़ी है। यहां शराब, शबाब और नशा तीनों होता था। पार्टी में लड़कियां आती है और नाचती हैं। पार्टी में एंट्री के लिए 5 हजार और 3 हजार रुपए का भुगतान करना होता है। लड़कियां डांस करने के लिए बुलाई जाती हैं। तेज साउंड में ये पार्टियां शहर से दूर कही ऐसे स्थान पर होती हैं जहां पुलिस को जानकारी न मिले। इसी की तर्ज पर शुक्रवार की रात नोएडा एक्सप्रेस-वे से सटे यमुना के डूब एरिया में बने एक फॉर्म हाउस में मुजरा पार्टी चल रही थी।

नोएडा की थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने इस पार्टी में 13 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें दो लड़कियां भी शामिल हैं। खास बात ये है कि इस पार्टी में शामिल होने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्टर पोस्ट किए गए थे। हालांकि इस पोस्टर में बताया गया एड्रेस गलत था। लेकिन, पार्टी होनी तय थी। ये पार्टी विक्की नाम के आदमी ने ऑर्गेनाइज की थी। वो फरार है। विक्की पहले भी पार्टियां ऑर्गेनाइज करता आ रहा है।

### पहले पोस्टर के बारे में समझते हैं जिसे पोस्ट किया गया था

पोस्टर के सबसे ऊपर विक्की प्रजेंट इन नोएडा लिखा है। इसके बाद रशियन पार्टी मुजरा फिर टाइमिंग और दिन दिया गया है। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि हमे लीड इसी पोस्टर से मिली। हालांकि ये वो पार्टी नहीं थी।

मसलन नोएडा के इस एरिया में और भी पार्टियां संचालित हो रही थी या होने वाली थी। फिलहाल पुलिस अब विक्की की तलाश कर रही है।

दरअसल, ये पोस्ट पार्टी में लोगों को बुलाने का जरिया है। ये पोस्ट अपने पुराने कस्टमर को भेजी जाती थी। इस तरह से ये पोस्ट दूसरे लोगों तक आगे बढ़ती रहती थी। 15 दिन पहले से इसका प्रचार शुरू हो जाता था। शराब, बीयर, हुक्का सहित कई दूसरे नशे का सामान भी पुलिस को इस फॉर्म से मिले हैं। पुराने कस्टमर को पता होता है, कहां और किस नंबर पर पैसे सेंड करने हैं।

### 5 से 3 हजार में शामिल होते थे लोग, पूरी रात चलती है पार्टी

इस तरह की पार्टी पूरी रात चलती है। यहां 5000 रुपए में एंट्री फीस के साथ अल्कोहल, हुक्का, ब्रिवरेज और स्टार्टर मिलता है।

वहीं, 3 हजार में हुक्का, ब्रिवरेज और स्टार्टर होता है। पहले से ही बुकिंग होती है। इसी के अनुसार ये दिल्ली, हरियाणा से शराब मंगवाकर परोसी जाती है। नोएडा में पकड़ी गई पार्टी में भी यही रेट और यही इंतजाम थे।

यहां से शराब की बोतल, महंगे और बड़े हुक्का, अलग-अलग फ्लेवर के नशीला सामान बरामद किया गया।

### सोशल मीडिया पर पार्टी कैसे ऑर्गेनाइज होती है, पॉइंट में जानते हैं

दिल्ली एनसीआर में पार्टियां होना आम बात है। लेकिन मुजरा, रेव और हुक्का पार्टी के लिए लोग सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं। ताकि पहचान को छिपाया जा सके। इसके लिए एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक ग्रुप बनाया जाता है। ग्रुप में 200 से 250 लोग जोड़े जाते हैं। एक टाइटल चुना जाता है। जैसे दिल्ली एनसीआर पार्टी या कुछ और भी।

देखने में ये ग्रुप आम दोस्तों जैसा ही होता है। इसके बाद पार्टी ऑर्गेनाइज के बारे में ग्रुप में मैसेज किया जाता है। ये जानकारी अधूरी होती है। इसी अकाउंट के इनबॉक्स में दिए गए नंबर पर संपर्क करने के लिए कहा जाता है। जिसका डिस्क्रिप्शन ग्रुप पर डाला जाता है।

यहां संपर्क करने पर पार्टी में क्या होगा? इसकी जानकारी और फीस बताई जाती है।

डिमांड भी दी जाती है। सब फाइनल होने के बाद ही संबंधित को वॉट्सऐप पर लोकेशन और समय दिया जाता है। जिसे बाद में डिलीट कर सभी सबूत हटा दिए जाते हैं।

# अजनारा होम्स सोसायटी के लोगों का बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन




गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अजनारा होम्स के निवासियों ने बिल्डर और मेंटेनेंस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। निवासियों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सोसाइटी के अंदर पैदल मार्च किया और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा, बिल्डर के द्वारा पूरे पैसे ले लिए गए हैं, लेकिन उसके काम अभी तक अधूरे पड़े हुए हैं।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बार फिर सोसाइटी के निवासियों का बिल्डर के खिलाफ गुस्सा देखने को मिला। अजनारा होम्स के निवासियों ने रविवार को बिल्डर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में शामिल दीपांकर कुमार ने कहा कि बिल्डर के द्वारा मेंटेनेंस कई सालों से पूरे प्लेन्ड एरिया का लिया जा रहा है, जबकि आधा से अधिक कॉमन एरिया बना नहीं है या फिर अतिक्रमित है। बिल्डर स्टोर के रूप में है, एक तरह से दोगुना मेंटेनेंस चार्ज लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि साल भर पहले एनपीसीएल ने आदेश दिया था और पुलिस के सामने भी बिल्डर ने बोला था जिसका लिखित रिकॉर्ड है कि मेंटेनेंस और इलेक्ट्रिसिटी का अलग सिस्टम है। इलेक्ट्रिसिटी मीटर से मेंटेनेंस नहीं लेते, लेकिन अभी तक बिजली और मेंटेनेंस एक ही सिस्टम से रीचार्ज होते हैं और जबरदस्ती उस क्षेत्र का भी मेंटेनेंस लिया जाता है। लगभग 600 लोग रजिस्ट्री की बाट जोह रहे हैं। लेकिन प्राधिकरण का बकाया चुकता न करने की वजह से ये अभी तक संभव नहीं हो पा रहा।

उचित रखरखाव के अभाव में लिफ्ट आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रही है। अन्य लोगों ने बताया कि अग्निशमन उपकरण या तो लगे नहीं हैं या फिर बिल्डिंग की शोभा बढ़ा रहे हैं। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, असेंबली एरिया, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म ये सब कुछ भी नहीं चलता।

आग लगने की स्थिति में रास्ता ढूंढने के लिए जरूरी फायर पाथ मार्किंग तक नहीं है। लोगों ने बताया कि पार्किंग के लिए रोजाना लड़ाई होती है, क्योंकि बिल्डर ने बेसमेंट का काम पूरा नहीं किया।

# सेक्टर-18, 24 व 32 में 220 केवी के बिजली घर बनकर तैयार

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) शहर बसने से पहले निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी में जुटा है। सेक्टर-18, 24 और 32 में 220 केवी के विद्युत उपकेंद्र बनकर तैयार हो गए हैं। इन बिजली घरों की कुल क्षमता 940 मेगा वोल्ट एम्पियर (एमवीए) है, जबकि वर्तमान में यहां बिजली की खपत मात्र पांच एमवीए ही है। दावा किया जा रहा है कि आने वाले कई वर्ष तक शहर में बिजली की कमी नहीं होगी।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर सितंबर अंत तक विमानों की उड़ान प्रस्तावित है। उड़ान शुरू होने के बाद औद्योगिक सेक्टरों में निवेश करने के लिए कई कंपनियां आगे आएगी। ऐसे में प्राधिकरण ने अभी से ही औद्योगिक सेक्टर 24 व 24ए, 28, 29, 32 और 33 में फैक्टरी अन्य उद्योग शुरू करने के लिए 3041 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। सेक्टरों में बिजली की लाइन, सीवर, पार्क, सड़क आदि का कार्य पूरा हो चुका है। कई सेक्टरों में कंपनियों का निर्माण शुरू भी हो गया। वहीं आवासीय सेक्टर 18 , 20, 22डी में भी नक्शा पास करा चुके आवंटी घरों का निर्माण करा रहे हैं। इन तीनों सेक्टरों में 34 हजार से अधिक आंवटी है। औद्योगिक इकाई और घर बनाने में बिजली की आवश्यकता अहम होती है। ऐसे में आवंटियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए प्राधिकरण ने 940 एमवीए का बिजली बैंक तैयार कर लिया है।

### 33 केवी के 22 उपकेंद्र भी बनेंगे

यमुना प्राधिकरण शहर के सेक्टर-17, 17ए, 18, 20, 22ए, 22डी, 24, 28, 29, 32 व सेक्टर-33 में 33/11 केवी के 22 विद्युत उपकेंद्र तैयार हो रहे हैं। इनमें दो ऊर्जीकृत हैं जिनकी क्षमता 40 एमवीए हैं, जबकि छह का निर्माण पूरा हो गया हैं, इनकी क्षमता 105 एमवीए है।

इसके अलावा 14 विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण चल रहा है। इन निर्माणाधीन 14 विद्युत उपकेंद्रों की कुल क्षमता 280 एमवीए है।

# नोएडा में तोड़ी जाएंगी 50 से ज्यादा अवैध इमारत

## 15 को किया है सील, गिराने के लिए एजेंसी का चयन; 5 फ्लोर तक के निर्माण



नोएडा। नोएडा में पिछले दो महीने से चल रहे अभियान के तहत 35 से ज्यादा इमारतों पर लिखा ये अवैध निर्माण है। 15 इमारत को सील किया गया। यानी इन 50 इमारत को अब तोड़ा जाएगा। जून में मतगणना के बाद बड़ा एक्शन देखने को मिलेगा। तोड़ने का काम बाहरी एजेंसी करेंगी। पहले फेज में सर्किल-3 ने इसकी शुरुआत की है। प्राधिकरण ने बीआर चावला नाम की एजेंसी का चयन किया है। इसका बॉन्ड भी तैयार हो गया है। ये एजेंसी 10 इमारत को पहले फेज में तोड़ेगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इमारतों को तोड़कर निकलने वाले मलबा को बेचकर एजेंसी अपना खर्च निकाले गी और प्राधिकरण को भी रुपए देगी। एजेंसी के पास मशीनें होंगी, जो आस-पड़ोस की इमारतों को बिना नुकसान पहुंचाए और बगैर खतरे के आसानी व तेजी के साथ तोड़ सकेंगी। अब पुलिस बल की मांग की गई है। दूसरी तरफ इमारतों को स्वयं ध्वस्तीकरण के लिए अंतिम नोटिस भी जारी किया गया है। पुलिस मिलते ही निजी एजेंसी से इन इमारतों को तोड़ने की शुरुआत की जाएगी।

### अवैध निर्माण को लेकर अब तक प्राधिकरण ने दी 133 शिकायत

प्राधिकरण दो महीने से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रहा है। प्राधिकरण को अपना लैंड बैंक बढ़ाना है। इसलिए अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसा दोबारा न हो इसलिए लगातार भू माफियाओं को चिह्नित किया जा रहा है। अब तक 133 शिकायत प्राधिकरण ने नोएडा पुलिस की है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। ये सभी शिकायत नोएडा के दस सर्किल की ओर से अपने अपने क्षेत्र में हो रही अवैध निर्माण को लेकर दी गई थी।

### दो महीने में खाली कराई गई 656 करोड़ की जमीन

प्राधिकरण ने दो महीने में 1 लाख 33 हजार 362 वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अपने कब्जे में लिया। इस जमीन की कीमत करीब 656.71 करोड़ रुपए है। ये जमीन प्राधिकरण अधिसूचित और अर्जित जमीन है। जिस पर मास्टर प्लान 2031 के अनुसार प्लानिंग नियोजित है। इसलिए इस जमीन पर बिना प्राधिकरण आवंटन बनाई गई हर निर्माण अवैध है।

### पहले फेज में 10 इमारत को गिराया जाएगा

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बरौला की जो 10 इमारत तोड़ने के लिए चिह्नित हुई हैं, उनमें से कई नाले के किनारे हैं। इसके साथ ही अवैध इमारत भी हैं। बात अगर इनकी जमीन की करें तो राजस्व रिकॉर्ड में दो खसरा नंबर पर हैं। नियमों को ताक पर रखकर यहां इमारत खड़ी कर दी गईं। यह पूरा एरिया वर्क सर्कल-3 के क्षेत्र में आता है। कई मंजिल की ये इमारत एक दिन में नहीं बनी हैं। धीरे-धीरे निर्माण होता रहा। प्राधिकरण के जिम्मेदार आंख बंद कर बैठे रहे। अब जब निर्माण तोड़ना चुनौती बन गया है तो एजेंसी का चयन किया गया है।

# ग्रेटर नोएडा में बिल्डर और मेंटेनेंस के खिलाफ प्रदर्शन

## विक्ट्री अमारा के निवासियों ने टीम नेफोवा के साथ मिलकर दिया धरना



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में प्रचंड गर्मी के बीच में बिल्डर एवं मेंटेनेंस से त्रस्त निवासियों ने रविवार को सोसाइटी की लंबित समस्याओं को दूर करने के लिए बिल्डर एवं मेंटेनेंस एजेंसी के खिलाफ जमकर हल्ला बोला एवं नारेबाजी की।निवासियों का कहना है कि रूफ टॉप पार्क के एक्सपेंशन जॉइंट की मरम्मत नहीं हुई, जिससे प्रत्येक वर्ष की भांति आने वाले बरसात में फिर से पार्किंग और बेसमेंट तालाब बनेगा।

कई भयावह एक्सपेंशन ज्वाइंट हैं जो बच्चों की जान के लिए खतरा हैं। अग्निशमन उपकरण या तो लगे नहीं हैं या फिर बिल्डिंग की शोभा बढ़ा रहे हैं। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, असेंबली एरिया, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म ये सब कुछ भी नहीं चलता। आग लगने की स्थिति में रास्ता ढूंढने के लिए जरूरी फायर पाथ मार्किंग तक नहीं है। पार्किंग के लिए रोजाना लड़ाई होती है क्योंकि बिल्डर ने अपना काम पूरा नहीं किया। क्लब और जिम ऐसा लगता है सिर्फ कागजों तक ही रहेंगे । पर्याप्त गार्ड या सीसीटीवी नहीं है। आवारा कुत्तों की बड़ी समस्या है, समिति की बिल्डिंग कुछ साल मे ही खंडहर सी लगने लगी है। प्लास्टर झड़ रहे हैं, सालों से पेंट नहीं हुआ। बिजली जितनी बेची गई है या बैकअप जितना बेचा गया है, उससे कई गुना कम कैपेसिटी इंस्टाल है। फिक्स्ड चार्ज मनमाना है, क्लब में हॉल का बूकिंग चार्ज मनमाना और काफी ज्यादा है। इसकी शिकायत प्राधिकरण से कई बार की जा चुकी है लेकिन कोई हल नहीं निकला।

उपरोक्त सभी समस्याओ पर नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बिल्डर और सरकारी अधिकारियों को आड़े हाथों लिया तथा जल्द ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बिल्डर तथा निवासियो की एक त्रिपक्षीय वार्ता प्राधिकरण के साथ करवाने के लिए आश्वासन दिया। इसके अलावा अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट आने के बाद रजिस्ट्री शुरू नहीं करवाने तथा ढुलमुल रवैया अपनाने के लिए प्राधिकरण तथा बिल्डर दोनों को घेरते हुए चेतावनी दी।

दीपांकर कुमार ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बाधा डालने तथा रोजमर्रा के कार्य में लेटलेटिफी के लिए बिल्डर और मेंटेनेंस एजेंसी के खिलाफ मुहिम चलाने की बात को रखा। रोहित मिश्रा ने मेंटेनेंस को सुधर जाने की चेतावनी देर हुए उन्होंने कहा कि बिना मूलभूत सुविधाएं दिए, कुर्सीवीर बनकर बैठने वालों को स्थान बदल लेना चाहिए, यहां गुजारा हो नहीं पाएगा। संजीव सक्सेना ने अग्निशमन उपकरणों में कमी की और भी दुर्घटना की स्थिति में बड़ी विपदा की ओर इशारा किया।

# भूजल दोहन करने पर 58 प्रतिष्ठानों पर लगा जुर्माना

**एजेंसी**

गाजियाबाद। अवैध भूजल रूप से भूजल दोहन करने वाले स्कूल, कॉलेज, मॉल, मैरेज हॉल, सर्विस सेंटर सहित 58 प्रतिष्ठानों पर दो-दो लाख का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना लगाने के साथ-साथ जिलाधिकारी ने सभी के यहां लगे बोरवेल सील करने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अवैध भूगर्भ जल दोहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और भूगर्भ जल को बचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक हुई जिसमें जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पोर्टल पर नोटिफाइड क्षेत्र के एनओसी लेने के लिए 10 आवेदन, कूप पंजीकरण के लिए आठ आवेदन और एनओसी नवीनीकरण के लिए 17 आवेदन सहित कुल 35 आवेदनों पर विचार किया गया।

इसमें से तीन आवेदन स्वीकृत हुए और 13 आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया। बाकी बचे 19 आवेदनों में कुछ कमियां थीं जिनको ठीक करके दुबारा से आवेदन का समय दिया गया। बैठक में लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, और ग्राउंड वाटर पोर्टल के नोडल अधिकारी हरिओम, उद्योग उपायुक्त श्रीनाथ पासवान, जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता भारत भूषन, उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग हाइड्रोलॉजिस्ट अंकिता राय सहित नामित सदस्य आकाश वशिष्ठ मौजूद रहे।

# मकान देखने के बहाने घर आए परिचित ने की हत्या

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक के अकबरपुर बहरामपुर में श्यामदत्त के साथ उनके दूर के रिश्तेदार ने साथ बैठकर कोल्ड ड्रिंक पी, नाश्ता किया इसके बाद चाकू से हमला कर दिया। हमला कर आरोपी फरार हो गया। घटना शुक्रवार शाम करीब चार बजे की है। गंभीर अवस्था में श्यामदत्त (55) को नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस को मामले की सूचना मिली थी। मामले में श्यामदत्त की बेटी मोनिका ने हमलावरों पर पिता की जेब में रखे 60 हजार रुपये ले जाने का आरोप लगाया है। श्यामदत्त की बेटी मोनिका ने बताया कि वह फतेहपुर दिल्ली में रहती है। शुक्रवार शाम को कॉल से पता चला कि पिता पर हमला हुआ है।

# बाइक अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिरी, एक की मौत



मोदीनगर। मुरादनगर थानाक्षेत्र के रावली सुराना मार्ग पर गांव काकड़ा पुल के पास दोपहर बारह बजे के आसपास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी।

इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई,जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।

जिला बागपत के थाना खेकड़ा के गांव साकरौंद निवासी 44 वर्षीय यामीन पुत्र इस्माइल अपने साथी रहीशु पुत्र गरीबा के साथ बाइक पर दवाई लेने जिला गौतमबुद्धनगर के दादरी जा रहे थे। दोपहर बारह बजे के आसपास जब वह रावल सुराना मार्ग पर गांव काकड़ा पुल के पास पहुंचे तो अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक छह फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। चीख पुकान सुन वहां से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों को गड्ढे से बाहर निकालकर मुरादनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जहां पर डॉक्टरों ने यामीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि हालात गंभीर होने पर रहीशु को गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शार्ट न्यूज

## डिवाइडर से टकराकर पलटी मिनी बस



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में मिनी बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस पर हुआ। मिनी बस में मौजूद 15 लोग इस हादसे में घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल गुरुग्राम से आ रहे थे और हापुड़ के पिलखुवा रिश्ता लेकर जा रहे थे। गाजियाबाद में एडीसीपी यातायात वीरेंद्र कुमार ने बताया की एक मिनी बस जो की गुरुग्राम से हापुड़ जा रही थी। वह थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकरा के पलट गई। इस बस में 15 लोग सवार थे। बस हादसे में जो घायल हुए हैं उनको पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सभी लोग गुरुग्राम से हापुड़ के पिलखुवा रिश्ता लेकर जा रहे थे। हादसा किन कारणों से हुआ इसकी जानकारी, अभी नहीं हो पाई है।

## बदमाशों ने व्यापारी से एक लाख रुपये लूटे

**सोहना।** सोहना कस्बे में नकाबपोश बदमाशों ने एक व्यापारी की लोहे की रॉड से पिटाई करके एक लाख रुपये लूट लिए। व्यापारी स्पेयर पार्ट्स का व्यापार करता है, जो रात्रि को अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। करीब आधा दर्जन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई है। कस्बे के वार्ड नम्बर नौ जखोपुर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह शहर थाना के निकट स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की रात को करीब आठ बजे जब अपनी दुकान को बंद करके गाड़ी से जखोपुर जा रहे थे तभी करीब आधा दर्जन नकाबपोश युवकों ने सरिया, डंडों, लोहे की रॉड से हमला कर दिया और गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए थे। वह जब अपनी जान बचाने के लिए गाड़ी से नीचे उतरने लगे तो एक बदमाश ने गाड़ी से बैग को उठा लिया था। इसके बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए। सोहना शहर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

## लिफ्ट में 20 मिनट तक फंसे रहे दस लोग

नोएडा। जिले में लगातार लिफ्ट फंसने की घटनाएं बढ रही हैं। सेक्टर-75 स्थित अपैक्स एथेना सोसाइटी में शनिवार रात 11 बजे बिजली गुल होने पर लिफ्ट में कई लोग फंस गए। काफी देर तक लिफ्ट नहीं खुलने पर सांस लेने में दिक्कत होने लगी। 20 मिनट बाद लिफ्ट को खोला गया। तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिली। 22वें फ्लोर पर रहने वाले रामालिंगम ने बताया कि सवा 11 बजे बेसमेंट से परिवार के साथ अपने फ्लैट में जा रहे थे। बेसमेंट (माइनस वन) से सर्विस लिफ्ट ली थी। लिफ्ट में उनके परिवार के चार सदस्यों के अलावा पांच बड़े व एक बच्ची समेत दस लोग थे। छठें और सातवें फ्लोर के बीच जाकर लिफ्ट रुक गई। थोड़ी देर इंतजार करने के बाद भी लिफ्ट चालू नहीं हुई तो 11:20 बजे मेंटीनेस आफिस कॉल किया। काफी देर तक काल करने के बाद स्टाफ ने काल रिसीव की। लेकिन तेजी से मदद के लिए कोई नहीं आया। थोड़ी देर बाद एक स्टाफ आया लेकिन वह सीधे 25वें मंजिल पर गया और लिफ्ट को डाउन कर उन तक पहुंचा।

## गाजियाबाद में बीच सड़क पर पलटी कार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर दिल्ली से मेरठ जाते समय कार पलट गई। गनीमत रही कि सही समय पर एयरबैग खुल गए। जिससे चालक सलामत रहा। कार में एक युवक था जो दिल्ली से मेरठ की तरफ जा रहा था। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया। राहगीरों ने कार को सीधा खड़ा किया। गाजियाबाद में थाना इंदिरापुरम प्रभारी जितेंद्र दिखित ने बताया कि शनिवार देर रात एक कार में विकास जोशी नाम का युवक दिल्ली से मेरठ की तरफ जा रहा था। अचानक सीआईएसएफ कट के पास उसकी कार पलट गई। गनीमत रही की एयरबैग समय पर खुल गए। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के चलते नेशनल हाईवे पर जाम भी लग गया था। स्थानीय लोगों ने कार को सीधा खड़ा किया। हादसे की खबर विकास जोशी के माता-पिता को लगी इसके बाद वह भी मौके पर आए। पुलिस को किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं दी गई है। अगर कोई शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेनो वेस्ट में प्राधिकरण पहुंचाएगा चार माह में 50 एमएलडी गंगाजल

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट वासियों को अगले चार माह में गंगाजल की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। पहले चरण में 50 एमएलएडी आपूर्ति करने का काम लगभग 60 फीसदी पूरा हो गया है। सितंबर तक हर हाल में इसे चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण का काम शुरू होगा। पाइप लाइन बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। जबकि अंडरग्राउंड वाटर रिजर्व (यूजीआर) का काम भी दो माह में पूरा हो जाएगा। इसके बाद गंगाजल आपूर्ति का ट्रायल शुरू हो जाएगा। नवंबर-2022 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगाजल परियोजना का शुभारंभ किया था। उसी साल दिसंबर-2022 तक हर हाल में ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट के निवासियों तक इसे पहुंचाना था। प्राधिकरण का दावा है कि ग्रेनो में 40 से अधिक सेक्टरों में 80 क्यूसेक एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। जबकि असलियत इससे परे है। यही हाल ग्रेनो वेस्ट का है। यहां पर भी मार्च-2023 में गंगाजल पहुंचाना था, लेकिन एक साल से अधिक हो गया और अभी यह काम पूरा नहीं हो सका है। मगर अब ग्रेनो वेस्ट के निवासियों के दिन बहुरने वाले हैं। पानी के लिए आए दिन हाय हाय करने वाले लोग आए दिन पानी की किल्लत को लेकर परेशान रहते हैं। कई सोसाइटियों में लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। मगर अब उनकी समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी। प्राधिकरण ने दो रिजर्व वायर का निर्माण भी लगभग पूरा करा लिया है।

## बिना फायर एनओसी और अधूरी तैयारियों के साथ चल रहा था होटल मून

नोएडा। सेक्टर-104 स्थित होटल मून में आग लगने से फिजियोथेरेपिस्ट युवती की मौत की जांच में कई खुलासे हुए है। होटल के पास अग्निशमन विभाग की एनओसी नहीं थी। होटल आधी-अधूरी तैयारियों के साथ शुरू कर दिया गया था। मामले में फिजियोथेरेपिस्ट पलक के भाई की शिकायत पर होटल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं हादसे में झुलसे युवक तरुण को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अग्निशमन विभाग व पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-104 स्थित होटल मून का संचालन बिहार निवासी विमलेश झा करते हैं। उन्होंने शामली निवासी आकाश शर्मा से इसे लीज पर लिया है। होटल में निर्माण कार्य जारी है। इसके बावजूद होटल में कमरों की बुकिंग शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि हादसे में जिस युवती ने जान गंवाई है, वह होटल की पहली ग्राहक थी। दोनों ने दोपहर 1:30 मिनट के आसपास होटल में एंट्री की थी। करीब तीन घंटे बाद हादसा हुआ। हादसे के समय युवती तरुण के साथ कमरे में थी। आग लगने के बाद दोनों को काफी देर बाद पता चला था। जांच में पता चला है कि होटल में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम काम नहीं कर रहे थे। आग होटल की चौथी मंजिल पर एसी से शार्ट सर्किट से लगी थी। पलक और तरुण होटल के छठे मंजिल पर बने कमरे में थे। धुएं की वजह से दोनों बेहोश हो गए थे। वहीं होटल प्रबंधन का कहना है कि हादसे के बाद युवक और युवती जिस कमरे में रुके थे उस नंबर पर कई बार कॉल की गई। अलार्म भी बजाया गया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# कानपुर में रिकार्ड पहुंचा पारा, रेड अलर्ट

## यूपी के 8 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट, प्रशासन की एडवाइजरी-बच्चे-बुजुर्ग घर से न निकलें



कानपुर। प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। शनिवार को देश का सबसे गर्म शहर कानपुर रहा। यहां अधिकतम तापमान 46.9 रिकॉर्ड किया गया। देश के टॉप-5 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 3 शामिल रहे।

वेस्ट यूपी में गर्मी खराब स्थिति में पहुंच गई है। मौसम विभाग ने आज 8 जिलों के लिए गर्मी और हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी। पारा 47 के पार जाएगा।

प्रदेश के 27 जिलों के लिए ऑरेंज और 28 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी है। आज भीषण गर्मी के साथ उमस भी सताएगी। कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. सुनील पांडेय ने बताया, यूपी में इस सीजन में पहली बार गर्मी और हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसका मतलब तापमान सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जानलेवा गर्मी पड़ेगी। पारा 47 को क्रास करेगा।

### प्रशासन की एडवाइजरी...बच्चे-बुजुर्ग घर से न निकलें

गर्मी और हीटवेव का प्रकोप इस कदर होता है, जिससे जान-माल के नुकसान का सबसे ज्यादा डर रहता है। यह मौसम के सबसे खराब स्तर को दिखाता है। प्रशासन को भी सावधान रहने के लिए एडवाइजरी जारी की जाती है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी करते हुए कहा है कि जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले। बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में घर से निकलने से बचें।

### कानपुर में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

डॉ. सुनील पांडेय ने बताया, कानपुर में गर्मी ने 29 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 18 मई 1995 को अधिकतम तापमान 45.2 रिकॉर्ड किया गया था। तब से अब 18 मई 2024 को 46.9 तापमान दर्ज किया गया।

# बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, एक की मौत

बिजनौर। बिजनौर में कल सुबह पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में रखे आतिश बाजी के सामान और बारूद में विस्फोट हो गया। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई।

जबकि 5 मजदूर झुलस गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और झुलसे मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना हल्दौर थाना क्षेत्र के गंगोडा शेख इलाके के झालु रोड की है। बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री में सफाई के दौरान अचानक चिंगारी से फैक्ट्री में आतिशबाजी और बारूद में ब्लास्ट होने से भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया और आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगी। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे 5 लोग झुलस गए।

अमित (35) पुत्र कुलवीर की मौत हो गई। जबकि अमन (20) पुत्र कपिल कुमार सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


मौके पर पहुंची दमकल विभाग पुलिस की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# हापुड़ में पति ने पत्नी को फावड़े से काट डाला

हापुड़। हापुड़ में एक पति ने पत्नी की फांवड़े से हमला कर हत्या कर दी। गांव वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। वारदात से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वारदात पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र के गांव अनवरपुर की है।

गांव अनवरपुर निवासी महेश मजदूरी करता है। बताया जाता है कि वह शराब पीने का आदि है। इसको लेकर घर में विवाद रहता था। रविवार की रात को महेश शराब पीकर आया और किसी बात को लेकर उसकी पत्नी शीतल (35) से कहासुनी हो गई।

बात इतनी बढ़ गई कि पति ने पत्नी पर फांवड़े से हमला कर हत्या कर दी। इस घटना से परिजन में कोहराम मच गया। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है।




### एएसपी बोले- आरोपी से कर रहे पूछताछ

एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रख मामले की जांच की जा रही है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। जल्द पूरे मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

## संभल में शादी का झांसा देकर रेप

संभल। संभल में शादी करने का झांसा देकर 6 महीने तक युवती से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया और उसके बाद न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया। शादी का झांसा देकर 22 वर्ष से युवती से दुष्कर्म की घटना उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की कोतवाली बहजोई क्षेत्र की है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर बहजोई पुलिस ने धारा 376, 323, 504, 506 के अंतर्गत अभियुक्त कमल पुत्र तेजपाल निवासी गंगा विहार कॉलोनी बहजोई थाना बहजोई जनपद संभल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। थाना पुलिस ने पीड़िता के साथ हुई इस घटना को गंभीरता से लिया और अभियुक्त कमल को संभल तिराहा बहजोई से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने के बाद अभियुक्त का चालान किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया।

# लखनऊ में मेडिकल की फर्जी डिग्री बनवाने वाले दो गिरफ्तार

## बी-फॉर्मा और डी-फॉर्मा की डिग्री के लिए लेते थे 5 लाख

लखनऊ। लखनऊ के लेखराज मार्केट से यूपीएसटीएफ ने फर्जी डी-फार्मा और बी-फार्मा की डिग्री बनाकर धोखाधड़ी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग डिग्री देकर अवैध मेडिकल स्टोर और झोलाछाप क्लिनिक खुलवाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। ये गैंग लोगों को झांसे में लेकर पूरे यूपी में काम करता था।

जानकारी के मुताबिक यूपीएसटीएफ को लंबे समय से बी-फार्मा और डी-फार्मा की फर्जी डिग्री पर मेडिकल स्टोर चलाने की सूचनाएं मिल रही थी। इसके एमबीबीएस के अलावा अन्य मेडिकल डिग्री से झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिक खुलवाने के नाम पर भी पैसे लेने की शिकायतें आ रही थी।



### एसटीएफ ने टीम गठित कर की कार्रवाई

एसटीएफ ने टीम में गठित की। इस दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि कुछ लोग फर्जी डी-फार्मा बी-फार्मा, एकेडमिक मार्कशीट और सर्टिफिकेट बनाकर देश-विदेश के कई कॉलेजों में एडमिशन के नाम पर ठगी कर रहे हैं। जिसके लिए लोगों से मोटी रकम वसूल रहे हैं।

सूचना के आधार पर एसटीएफ ने लखनऊ के लेखराज मार्केट के सामने फार्मेसी काउंसिल नाम से चल रहे ऑफिस में शनिवार दोपहर 1 बजे छापा मारा।

जहां से दो जालसाजों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान देवरिया के रहने वाले सचिन मणि त्रिपाठी और कुर्सी रोड गुडंबा, लखनऊ के रहने वाले शिवानंद वर्मा के रूप में हुई।

### विभाग के कर्मचारी भी शामिल

एसटीएफ की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह मेडिकल से जुड़ी मार्कशीट बनाकर फर्जी क्लिनिक और मेडिकल स्टोर खुलवाने के नाम पर पैसा लेते हैं। इस काम में पीसीआई के कुछ कर्मचारियों सहित अन्य लोग भी शामिल हैं।

# मुजफ्फरनगर में सेल्फी लेने में दो छात्र डूबे

## दोस्तों के साथ गंग नहर पर नहाने गए थे, संधावली हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते थे

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में शनिवार शाम गंग नहर पर नहाने गए दो छात्र चित्तौड़ा झाल पर सेल्फी लेते डूब गए। जैसे ही उनके दोस्तों को डूबने की जानकारी मिली तो उन्होंने स्थानीय लोगों को बताया। पुलिस और गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश की जा रही है। इनमें एक नाबालिग बताया जा रहा है।

थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव संधावली में चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक हॉस्टल संचालित किया जा रहा है। हॉस्टल में रहकर पढ़ रहे 13 वर्षीय अब्बास पुत्र मोहम्मद निवासी कारगिल एवं 20 वर्षीय मोहम्मद कासिम पुत्र आफताब निवासी जनपद मेरठ अपने दोस्त गांव मुझेड़ा निवासी शान हैदर एवं अन्य के साथ शनिवार शाम गंग नहर पर नहाने गए थे।



पुलिस के अनुसार सभी दोस्त गंग नहर की चित्तोड़ा झाल पर नहा रहे थे। इस दौरान अब्बास और मोहम्मद काजिम सेल्फी लेने लगे। बताया जा रहा है की सेल्फी लेते समय दोनों का पैर रपट गया। पैर रपटने से दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए। जैसे ही दोनों के डूबने की जानकारी बाकी साथियों को लगी तो उन्होंने शोर मचा दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे हैं किसान और अन्य लोग मौके पर पहुंचे।

पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों को गंग नहर में काफी तलाश किया गया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका।

देर रात रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया। रविवार को मेरठ से पीएसी के गोताखोर बुलाए गए हैं। दोनों का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। मेरठ निवासी मोहम्मद काजिम एसडी मैनेजमेंट में एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र है। जबकि अब्बास ने आठवीं कक्षा पास की है।

## औरैया में गैस सिलेंडर से लगी आग

औरैया। औरैया के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव सेहुदपुर में गैस सिलेंडर जलाते समय अचानक घर मे आग लग गई। आग लगने से घर मे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों कड़ी मशक्कत के वाद आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के गांव सेहुदपुर निवासी संजीव कुमार व राधेश्याम गरीबी के चलते मज़दूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उनका कच्चा मकान है उसी में छप्पर रख कर दोनों भाई रहते हैं। रविवार की दोपहर को संजीव कुमार गैस सिलेंडर भरवाकर घर में आया और सिलेंडर लगा जैसे ही आग जलाई तभी अचानक सिलेंडर ने आग पकड़ ली और छप्पर में भी आग लग गई। आग इतनी तेज लगी की घर मे रखा गेंहू, गृहस्थी का सामान व 17 हजार रूपये नगद जल कर रख हो गये।

# ताजमहल के पास मस्जिद में मिली युवती की लाश

## शरीर पर नहीं थे पूरे कपड़े, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

आगरा। आगरा में ताजमहल के पास एक मस्जिद में एक युवती की अर्धनग्न लाश मिली है। युवती का चेहरा कुचला हुआ है। शरीर पर चोटों के निशान हैं। पुलिस दुष्कर्म की आशंका जता रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

ताजमहल के पूर्वी गेट के पास मस्जिद है। रविवार लगभग तीन बजे लोग यहां नमाज के लिए पहुंचे तो लगभग 22-23 साल की युवती का शव मिला। शव के निचले हिस्से के कपड़े उतरे हुए हैं।

शरीर पर चोटों के निशान हैं। चेहरे को किसी भारी वस्तु से कुचला गया है। इस वजह से युवती की पहचान नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या की गई है। पहचान मिटाने के लिए चेहरा कुचला गया है। सूचना पर डीसीपी सिटी सहित पुलिस पहुंची। आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। युवती के शरीर पर चेक का कुर्ता और सफेद रंग की सलवार है।

डीसीपी सिटी सूरज राय का कहना है कि मस्जिद अक्सर बंद रहती थी। कुछ ही लोग नमाज पढ़ने आते थे। मृतका की अभी तक पहचान नहीं हुई है। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जाएगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

रायबरेली। देश के सर्वाधिक चर्चित लोकसभा चुनाव में से एक उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के 2236 मतदेय स्थलों बूथ पर पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई है अमेठी संसदीय क्षेत्र का भी कुछ हिस्सा शामिल होता है, जहां आगामी 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होना है।

प्रशासनिक सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार देश के सर्वाधिक चर्चित स्थानों में एक साल 2024 के लोकसभा चुनाव क्षेत्र रायबरेली व संसदीय क्षेत्र अमेठी के एक हिस्से के लिए कुल 2236 बूथों पर पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई है।

बताया गया कि आईटीआई गोरा बाजार के प्रांगण से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पांचवे चरण में रायबरेली जिले की 6 विधानसभा क्षेत्र में 20 मई 2024 के लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। संसदीय क्षेत्र 36-रायबरेली एवं 37-अमेठी लोकसभा क्षेत्र की 181-सलोन विधान क्षेत्र सहित कुल 1463 पोलिंग सेंटर और 2236 मतदेय स्थल हैं।

पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी आदि सहित सभी पार्टियां रवाना हो गयी है। मतदान 20 मई को प्रात: 07 बजे से सायं 06 बजे तक निर्धारित सभी मतदेय स्थलों पर समय से प्रारंभ होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल की देख-रेख में सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदेय स्थल व बूथ के लिए रवाना हुई है तथा अपने-अपने मतदेय स्थल पर पहुंच भी गयी है।

# कमिश्नर और डीआईजी ने पोलिंग पार्टियों, पुलिस बल के रवाना स्थल भोजला मण्डी का लिया जायजा

## डीआईजी ने महापर्व में निडर, निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की

ललितपुर। झांसी, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के 5 वें चरण में दिनांक 20.05.2024 को झॉसी रेंज के जनपद झॉसी, जालौन एवं ललितपुर में होने वाले मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मण्डलायुक्त झॉसी विमल कुमार दुबे एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झॉसी परिक्षेत्र, झॉसी कलानिधि नैथानी द्वारा मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों एवं पुलिस बल के रवाना स्थल भोजला मण्डी जनपद झॉसी का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। डियूटी में लगे पुलिस फोर्स एवं सी0ए0पी0एफ0 बल को



पोलिंग पार्टियों के साथ निर्धारित वाहनों में रवाना करते हुए सेक्टर एवं जोनल पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने के साथ ही ईवीएम और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए भी विस्तृत निर्देश जारी किये गए। रेंज के तीनों जनपदों में मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों के क्षेत्र में पहुंचने के उपरान्त मतदान केन्द्र व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को सुरक्षित करने हेतु सभी थाना प्रभारियों, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया। अत्यधिक गर्मी के कारण डियूटी में लगे सुरक्षा बलों, पुलिस फोर्स व अन्य कर्मियों के लिये हल्का जलपान, ओआरएस, पानी की बोतलें आदि की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने के हेतु निर्देशित किया गया जिससे गर्मी के प्रकोप से बचा जा सकें। झॉसी रेंज के जनपदों में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार *अगले 48/24 घंटे के प्रोटोकाल का अक्षरश: अनुपालन कराना सुनिश्चित* किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# उन्नाव में विवाहिता ने बच्चों को जहर देकर की आत्महत्या

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में ससुरालीजनों की प्रताड़ना से आहत होकर एक विवाहिता ने शनिवार रात दो बेटों को जहरीला पदार्थ देने के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जहरीला पदार्थ खाने से जहां महिला के बड़े बेटे का इलाज हैलट में चल रहा है वहीं पर छोटा बेटा और महिला की मौत हो गई है। महिला के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जेठ, जेठानी समेत चार लोगों के विरूद्ध आत्महत्या के दुष्प्रेरण का केस दर्ज किया। थाना पुलिस ने मां व छोटे बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने बताया कि शनिवार रात सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि पटकापुर निवासिनी सोमवती पत्नी स्वर्गीय संत कुमार यादव (32) ने अपने दो बच्चों को विषैला पदार्थ खिलाकर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छोटे बच्चे और महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि बड़े बेटे का हैलट अस्पताल कानपुर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर पर थाना कोतवाली सदर पर चार ससुरालीजनो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मृतका का मायका बिहार थाना क्षेत्र के चिकंदरपुर गांव का है। यहां रहने वाले शिव शंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया लगभग तेरह साल पहले उसने अपनी बेटी सोमवती का विवाह सदर कोतवाली क्षेत्र के पटकापुर गांव निवासी मोतीलाल के बेटे संतकुमार के साथ किया था।

## एटा में फर्जी मतदान को लेकर आयोग सख्त

लखनऊ/ एटा। फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले की अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में एक बूथ पर फर्जी मतदान करने का वीडियो वायरल होने को गंभीरता से लेते हुये राज्य निर्वाचन आयोग ने संबंधित मतदान केंद्र में पुनर्मतदान की सिफारिश की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार शाम बताया कि आज सोशल मीडिया में एक व्यक्ति द्वारा कई बार मतदान करने का वीडियो प्रसारित हुआ है। इस घटना की एफआईआर नायागांव पुलिस स्टेशन, एटा में आईपीसी की धारा 171-एफ और 419 और आरपी अधिनियम 951 की धारा 128, 132 और 136 के तहत दर्ज की गई है। वीडियो में कई बार मतदान करते दिखाई देने वाले व्यक्ति की पहचान राजन सिंह, गांव खिरिया पमरान के निवासी के रूप में हुई है और पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया जा चुका है।

# शार्ट न्यूज

## जौनपुर : पुलिस हिरासत से फरार पत्रकार हत्या का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के शाहगंज थाना अंतर्गत इमरानगंज बाजार में 13 मई की सुबह पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या को अंजाम देने वाला मुख्य साजिशकर्ता जमीरूद्दीन कुरैनी पुलिस हिरासत से भाग गया था जिसे पुलिस ने रविवार को फिर से गिरफ्तार कर लिया। पत्रकार हत्या के मुख्य साजिश कर्ता जमीरूद्दीन कुरैशी को जौनपुर पुलिस द्वारा महाराष्ट्र के ठाणे जिले से आज गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस उपाधीक्षक शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में शाहगंज थाना क्षेत्र के इमरानगंज बाजार में दिनदहाड़े पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोलियां मार कर हत्या करने के मुख्य आरोपी साजिश कर्ता जमीरुद्दीन पुत्र स्व0 हनीफ कुरैशी ग्राम सबरहद थाना शाहगंज को थाना ठाणे जनपद ठाणे, महाराष्ट्र से 14 मई को गिरफ्तार किया गया था। उस अभियुक्त को पुलिस द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर न्यायालय सी जे एम ठाणे महाराष्ट्र से ट्राजिंट रिमाण्ड प्राप्त कर ठाणे महाराष्ट्र से ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिलन से वापस थाना शाहगंज आ रहे थे कि 16 मई को मध्यप्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलते ही अभियुक्त जमीरुद्दीन टायलेट ले जाते समय ट्रेन से कुद कर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था।

## झाड़ियों में पड़ा मिला 75 वर्षीय वृद्ध का शव

मैनपुरी। मैनपुरी के थाना क्षेत्र से गुजरने वाले जीटी रोड के पास झाड़ियां में वृद्ध का संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। देखते ही देखते तमाम ग्रामीणों की भीड़ शव के पास जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के लिए शव मोर्चरी में रखवा दिया है। मामला कुरावली थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर स्थित गंगा जमुनी के पास से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार जीटी रोड के किनारे उगीं झाड़ियों में लगभग 75 वर्षीय वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ मिला। शव पड़ा होने की सूचना फैलते ही तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद भीड़ से बृद्ध के शव की शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। मामले को लेकर पुलिस का कहना है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया है। 72 घंटे तक शव की शिनाख्त के लिए उसको रखा जाएगा, उसकी पहचान करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## औरैया में खेत में मिला युवक का शव

औरैया। औरैया के फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव गांव से दूर एक खेत में पड़ा मिला। शव के पास दो कीटनाशक के पाउच, एक पानी की बोतल व थोड़ा सा खून पड़ा था। गांव के एक किशोर के साथ खेतों पर गया था। किशोर के परिजनों ने मृतक के घरवालों से शिकायत की थी तथा रिपोर्ट करने की बात कही यह सुनकर मृतक इटावा जाने की कहकर घर से निकल गया परिजनों ने तलाश किया पर वह नहीं मिला। रविवार को उसका शव गांव से दूर एक खेत में पड़ा मिला द्य घटना स्थल पर फॉरेन्सिक टीम ने जांच पड़ताल की। क्षेत्र के गांव मुढ़ी निवासी ईश्वरशरण का 22 वर्षीय पुत्र रंसु दोहरे घर रहकर पिता के काम में हाथ बटाता था। रविवार की सुबह गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर उत्तर दिशा की ओर गांव खोयला निवासी दसरथ सिंह के खाली खेत में युवक का शव पड़ा हुआ था। रविवार की सुबह लगभग सात बजे खेत की सिंचाई करने जा रहे एक किसान ने शव को देखकर गांव के प्रधान को सूचना दी। घटना स्थल पर परिजनों के साथ ग्रामीणों की भीड़ भी पहुंच गई द्य पहचान होने पर पुलिस को सूचना दी गई द्य शव के पास दो कीटनाशक के पाउच एक पानी की बोतल और थोड़ा सा खून पड़ा हुआ था।

## शाहजहांपुर में मिला युवक का शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में चौराहे के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने युवक के कपड़ों की तलाशी ली लेकिन कपड़ों से भी कुछ बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव तिकुनिया चौराहा के पास एक मकान के पास खाली प्लाट में दीवार से सटा एक युवक का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। शव मिलने की सूचना पर आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के कपड़ों की तलाशी ली। लेकिन पैंट और शर्ट की जेबों से भी कुछ बरामद नहीं हुआ। जिससे उसके परिवार की जानकारी मिल सके। युवक की उम्र 25 साल बताई जा रही है। पुलिस ने युवक के बारे में स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई लेकिन स्थानीय लोगों ने उसको पहचानने से इंकार कर दिया। उसके बाद पुलिस ने शव की तस्वीरें लेने के बाद आसपास के गांवों और मोहल्लों में संपर्क किया लेकिन किसी ने भी उसको पहचानने से इंकार कर दिया।

## शामली में 50 लाख के भूसे में लगी आग



शामली। शामली के झिझाना थानां क्षेत्र के गांव जीजोला में एक खेत में बंधे करीब 50 भुस के टिल्ले में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। उसमें करीब 8 हजार कुंतल भूसा जलकर राख हो गया। घटना के बाद पीड़ित के अनुसार करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बीती देर रात्रि से आग लगातार जारी है। वहीं आसपास के जिलों से करीब सात फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए बुलाया गया है। जहां बचाव कार्य जारी है। आप को बता दें कि जनपद के झिझाना थानां क्षेत्र के गांव जिजोला गांव में एक व्यापारी द्वारा भूसे को एकत्र करके टिल्ले बनाये हुए थे। ताकि समय आने पर उनको ग्राहकों बेचा जा सके। लेकिन देर रात के समय उसमें आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि लोगों की चीख पुकार मच गई। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। वहीं आरोप है कि डायल-112 को मामले की सूचना दी गई है। लेकिन डायल 112 मौके पर कार्रवाई न करते हुए पुलिस चौकी पहुंच गई।

## फिरोजाबाद में 2 पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में जानवरों के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों और उनके परिजनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। जिनमें से कई महिला और पुरुषों के सिर फट गए। दोनों पक्ष के 12 लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना थाना जसराना क्षेत्र के गांव देवरी फरीदपुर की है। यहां के रहने वाले मोहन लाल और अजब सिंह दोनों सगे भाई हैं। अजब सिंह ने अपनी दो भैंस की पड़िया अपने भाई मोहनलाल को बंटाई पर दीं कि उनके बड़े होने पर वह बंटवारा कर लेंगे। दोनों पड़िया बच्चों को जन्म देने वाली थीं। तभी अजब सिंह अपने बच्चों और महिलाओं के साथ अपने भाई के यहां बंटवारा करने के लिए पहुंच गए। बंटवारे को लेकर दोनों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चली जिसमें कई लोगों के सिर फटने से वह लहूलुहान हो गए। अजब सिंह पक्ष के सात लोग जबकि मोहनलाल पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। मारपीट में महिलाएं भी घायल हुई हैं। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि जानवरों के बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष के 7 और दूसरे पक्ष के 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज चल रहा है।

## खार्किव हुआ वीरान, 10 हजार लोगों ने छोड़ा अपना घर

रोम। रूस-यूक्रेन की जंग को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है, लेकिन अब तक युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। 10 मई को रूसी सेना ने यूक्रेन के उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र पर जमीनी हमले किए ।सभी लोग रूसी सैनिकों से बचकर भाग रहे थे। बता दें कि रूसी सेना उत्तर-पूर्वी सीमा पर पांच से 10 किलोमीटर (तीन से छह मील) तक सीमा पार कर चुके है। रूसी सेना ने 9 से 15 मई के बीच 278 वर्ग किलोमीटर (107 वर्ग मील) पर कब्जा कर लिया है, जो 2022 के अंत के बाद से उनकी सबसे बड़ी बढ़त है ।शुक्रवार को चीन की यात्रा के दौरान इस हमले के बारे में बोलते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यह यूक्रेन द्वारा रूसी सीमा क्षेत्रों पर की जा रही गोलाबारी का जवाब था। पुतिन ने कहा ज़ेलेंस्की ने आक्रमण में रूस की बढ़त को कम करके आंका। यूक्रेन के गवर्नर ने शनिवार को दावा किया कि इस जमीनी हमले के बाद से यूक्रेन के उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में लगभग 10,000 लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है ।यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने बताया कि यह हमला व्यापक हमले की पहली लहर हो सकती है। गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने कहा कि हमले के एक सप्ताह बाद, कुल 9,907 लोगों को निकाला गया है।

## इजराइल के युद्ध कैबिनेट के सदस्य ने दी पद छोड़ने की धमकी

येरुशलम। इजराइल के तीन सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने गाजा में युद्ध के लिए नई योजना नहीं अपनाने पर सरकार से इस्तीफा देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध पर कोई नई योजना नहीं अपनाई तो वह 8 जून को अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। उनकी घोषणा से सात महीने से अधिक समय से गाजा में युद्ध लड़ रहे इजराइल के नेतृत्व में विभाजन के संकेत मिलते हैं, जिसे हमास को खत्म करने और सात अक्टूबर के हमले में अपहृत कई बंधकों को रिहा कराने के अपने घोषित लक्ष्यों को पूरा करना बाकी है।

## गाजा को 160 टन से अधिक का ईंधन पहुंचाया गया : आईडीएफ

यरूशलम। आईडीएफ यानी इजराइल रक्षा बल का कहना है कि अमेरिका द्वारा स्थापित अस्थायी घाट के माध्यम से गाजा पट्टी में 160 टन से ज्यादा ईंधन पहुंचा दिया गया है। गौरतलब है कि यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने गुरुवार को ही बताया था कि अमेरिकी सेना ने एन्क्लेव में मानवीय सहायता पहुंचाने गाजा पट्टी में एक अस्थायी घाट स्थापित कर दिया है। इसी के माध्यम से ईंधन पहुंचाया गया है। आईडीएफ ने अपने एक बयान में शनिवार को कहा कि इसके अतिरिक्त, गाजा पट्टी में आवश्यक मानवीय अवसंरचना के संचालन के लिए, अस्पतालों और आश्रय क्षेत्रों सहित, 162,000 लीटर ईंधन और डीजल स्थानांतरित किया गया है। इस जानकारी अनुसार बीते सप्ताह, मानवीय सहायता के साथ 1,050 ट्रकों ने एरेज़ और केरेम शालोम सीमा क्रॉसिंग के माध्यम से एन्क्लेव में प्रवेश किया था। इसके साथ ही इजराइली सेना ने अल-मवासी में विस्तारित मानवीय क्षेत्र के लिए सैकड़ों टेंट भी बांटे हैं। वहीं स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में अब तक 35,200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। एक अनुमान के मुताबिक गाजा में हमास ने अभी भी 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया हुआ है।

## अफगानिस्तान की बाढ़ में मरने वालों की संख्या 70 पहुंची, 10 लापता

काबुल। अफगानिस्तान के घोर और फरयाब प्रांतों में बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 70 के करीब पहुंच गई है। यह जानकारी दे रहे अफगान के मीडिया सेंटर ने बताया कि घोर में बाढ़ से 50 लोगों की मौत हुई, जबकि फरयाब में बाढ़ के कारण कारीब 18 लोग मारे गए हैं, 10 अन्य लापता बताए गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फरयाब में 07 अन्य लोगों की भी मौत हुई। इस प्रकार बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है 10 अन्य लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि फरयाब में सात और लोगों की मौत हो गई। यहां बतलाते चलें कि बाढ़ के कारण सर-ए पोल प्रांत भी प्रभावित हुआ है।

## इजराइल का दावा- रफाह में 130 से ज्यादा आतंकवादी मारे

### -दर्जनों राइफलें, हथगोले और गोला-बारूद बरामद

यरूशलम। गाजा में इजराइल और हमास युद्ध जारी है। इजराइल ने अमेरिकी चेतावनी के बावजूद गाजा के रफाह में कई मिसाइल दागे हैं। जिसमें कई मासूम की जानें भी गई हैं। वहीं इजरायली की आईडीएफ का कहना है कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी के रफाह में 130 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आईडीएफ ने एक बयान ने कहा कि गिवाती इन्फैंट्री ब्रिगेड ने पूर्वी रफाह में एक ठिकाने पर 80 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया और दर्जनों राइफलें, हथगोले और गोला-बारूद बरामद किए हैं। इसके आलावा, गिवाती की टोही इकाई ने इलाके में सुरंग बनाने के बुनियादी ढांचे का भी पता लगाया। आईडीएफ के 401वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने हमास के बुनियादी ढांचे और इमारतों में छापेमार कर 50 आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। यहीं से आईडीएफ सैनिकों पर गोलीबारी की गई थी। आईडीएफ को दर्जनों सुरंग शाफ्ट और कई विमान भेदी बंदूकें भी मिली हैं।

## इजराइली सेना का जबालिया कैंप पर हमला, तोड़फोड़ सेल खत्म

गाजा। इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया पर हमला कर क्षेत्र के निवासियों से अपने घर खाली करने और पश्चिमी गाजा शहर में आश्रमों की ओर जाने को कहा है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने एक्स पर कहा कि सेना ने इमारतों में हमास के साथ झड़पों के बाद जबालिया में तोड़-फोड़ सेल को खत्म कर दिया। जहां तोड़फोड़ करने वाले छत की ओर भाग गए और सैन्य बलों पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने इमारतों को घेर लिया और गोलीबारी के बाद समूह को खत्म कर दिया। उन्होंने तोड़फोड़ करने वालों की पहचान के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। इससे पहले फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायल के लगातार हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 28 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने मिसाइलों से शिविर में विस्थापित लोगों के कई आवासीय घरों और एक आश्रय केंद्र को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने हमास पर उत्तरी गाजा में अपनी क्षमताओं के पुनर्निर्माण की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

## मंगल ग्रह को हरा भरा बनाने और इंसान को पहुंचाने की तैयारी!

### - मस्क का दावा-30 सालों में इंसान यहां मकान बनाकर रह सकेंगे

वॉशिंगटन। मंगल ग्रह को लेकर वैज्ञानिकों में हमेशा कुछ न कुछ खोजने की दिलचस्पी रहती है। मंगल ग्रह पर नासा के रोवर मौजूद हैं। यह धरती की तरह है, वैज्ञानिक चाहते हैं कि इस ग्रह पर इंसानों को भेजा जाए। स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने इसे लेकर दावा किया है कि अगले 30 सालों में इंसान मंगल ग्रह पर मकान बनाकर रह सकेंगे। एलन मस्क ने लिखा कि हम मंगल ग्रह पर उतरने से बस कुछ ही साल दूर हैं। पांच साल से भी कम में बिना चालक वाला मिशन, जमीन पर लोगों को उतारने में 10 साल का मिशन, 20 सालों में एक बस्ती लेकिन निश्चित रूप से 30 वर्षों में एक सभ्यता। साल 2002 में एलन मस्क ने स्पेसएक्स की स्थापना की थी। यह तरल प्रोपेलेंट के जरिए रॉकेट को कक्षा में भेजने और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक अंतरिक्ष यात्रियों को पहुंचाने वाली पहली प्राइवेट कंपनी थी। एलन मस्क पहले मंगल ग्रह को हरा भरा बनाने की योजना बना चुके हैं। मस्क के हालिया ट्वीट के मुताबिक अगले पांच वर्षों में मंगल ग्रह पर मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा। मस्क स्टारशिप बनाने में भी लगे हैं, जो दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट होगा। वहीं मस्क ने संभावना जताई है कि अगले 10 सालों में इंसान मंगल ग्रह पर कदम रख देगा। एलन मस्क के एक्स पर 18.3 करोड़ फॉलोवर्स हैं। एक व्यक्ति ने ट्वीट करते हुए कहा कि बहुत से लोगों के लिए अकल्पनीय...उम्मीद है कि मैं प्रगति देखने के लिए 10 साल और जीवित रहूंगा।



इंडोनेशिया के माउंट ईबयू ज्वालामुखी से उठता हुआ धूआं।

## प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत हासिल करने का है भरोसा

काठमांडु। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड को विश्वास है कि वो सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल कर लेंगे। दरअसल गठबंधन के सहयोगी द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद प्रचंड को विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व गुरिल्ला नेता व पीएम प्रचंड (69) नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के प्रतिनिधि हैं। यहां



बतलाते चलें कि यह पार्टी प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और पद संभालने के 18 महीने के अंदर प्रचंड चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। प्रचंड ने 25 दिसंबर 2022 को पीएम पद को संभाला था। प्रचंड ने शनिवार को काठमांडू में सत्तारूढ़ पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा, कि इसमें कोई शक नहीं कि मेरी सरकार शक्ति परीक्षण में सफल रहेगी। इसी के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों के बीच पैदा हुए मतभेदों को बातचीत के माध्यम से ही सुलझाया जाएगा। यहां बतलाते चलें कि प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं यदि वह विभाजित हो जाए या फिर गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले ले तो इस स्थिति में प्रधानमंत्री को 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना आवश्यक हो जाता है। अब चूंकि पिछले हफ्ते जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) ने गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया अत- सोमवार को संसद में प्रचंड को समर्थन हासिल करना आवश्यक हो गया है। प्रचंड ने उम्मीद जाहिर की है कि उन्हें समर्थन हासिल हो जाएगा।

## मंत्रियों ने नेतन्याहू को दिया अल्टीमेटम कहा- मांग नहीं मानेंगे तो 8 जून को समर्थन वापस ले लेंगे

बीजिंग (एजेंसी)। तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायल और हमास के बीच कई महीनों से जंग चल रही है। अब तक हजारों लोगों की मौत हो गई है। हालात इतने खराब हैं कि दोनों ही देशों में इस जंग को लेकर घमासान शुरु हो गया है। वहां के लोग अब युद्ध से ऊब गए हैं। वे जंग नहीं शांती चाहते हैं। राफा पर तेज होती जंग के बीच इजरायल में भी उथल-पुथल मच गई है। साथी मंत्रियों ने नेतन्याहू को अल्टीमेटम जारी करते हुए सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की धमकी दी। वॉर कैबिनेट मंत्री ने नेतन्याहू को दो टूक शब्दों में कहा कि अगर वे 8 जून तक गाजा पर अपना प्लान तैयार नहीं करते तो सरकार चलाना भूल जाइए।



इजरायल में युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज़ ने शनिवार रात प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को एक अल्टीमेटम जारी किया। जिसमें उन्होंने प्रधान मंत्री नेतन्याहू को संदेश में कहा है कि गाजा पर शासन कौन और किस तरह करेगा? इस पर पीएम को जल्द ही फैसला लेना चाहिए। उन्होंने अल्टीमेटम में कहा कि अगर नेतन्याहू इस पर फैसला 8 जून तक नहीं ले लेते तो वे सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेंगे। गैंट्ज के इस बयान के बाद नेतन्याहू पर सरकार बचाने का संकट गहरा गया है। आरोप लगाया कि एक तरफ हमारे सैनिक बहादुरी से लड़ रहे हैं दूसरी तरफ हमारे कुछ राजनेता कायरता दिखाते हुए सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं। हमास के खिलाफ जंग के बीच इजरायल में ही नए संकट से नेतन्याहू को बैचेन कर दिया है। पहले ही वे राफा में जंग शुरू किए जाने से अमेरिका समेत अपने मित्र देशों की आलोचना का सामना कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बेनी गैंट्ज का कहना है कि नेतन्याहू ने हमास के खात्मे के लिए गाजा और अब राफा में जंग शुरू तो कर दी है लेकिन, युद्ध के बाद हमास को बढ़ने से पूरी तरह से रोकने का प्लान तैयार नहीं किया है। बेनी की मांग है कि गाजा पर जीत के बाद वहां शासन किस तरह से होगा, कौन राज करेगा, इस पर अभी भी इजरायली हुकूमत ने अपनी स्थिति साफ नहीं की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 8 जून तक इस पर फैसला नहीं लिया जाता तो वे गठबंधन से अपने कदम पीछे हटा लेंगे। गैंट्ज़ ने कहा कि उनका मानना है कि हमास के 7 अक्टूबर के नरसंहार से शुरू हुआ युद्ध हाल के कुछ महीनों में इज़रायल के कुछ नेताओं की कायरता के कारण भटक रहा है। गैंट्ज़ ने कहा, एक तरफ इजरायली सैनिक हमास के खिलाफ मोर्चे में अविश्वसनीय बहादुरी दिखा रहे हैं, जबकि वे लोग जिन्होंने उन्हें युद्ध में भेजा, वे कायरता दिखा रहे हैं और अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं।

बेन ने अपनी मांगों को फिर दोहराया। कहा- बंधकों को घर ले आओ, हमास के शासन को उखाड़ फेंको, गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षा नियंत्रण हासिल करो।गाजा के लिए अमेरिकी, यूरोपीय, अरब और फिलिस्तीनी तत्वों को शामिल करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय नागरिक शासन तंत्र बनाया जाए, जो भविष्य के विकल्प के लिए रास्ता निकाले। ईरान और उसके सहयोगियों के खिलाफ और पश्चिम के साथ गठबंधन बनाने की एक व्यापक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में सऊदी अरब के साथ सामान्यीकरण को आगे बढ़ाया जाए। नेताओं ने कहा, गाजा की अंधेरी सुरंगों में जहां बंधक नरक की यातनाएं झेल रहे हैं, वहीं हमारे यहां कुछ नेता ऐसे भी हैं जो बकवास में लगे हुए हैं। इजरायल में कुछ राजनेता सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं। इस बात का अफसोस है कि इजरायली सुरक्षा की कसम हम भूल रहे हैं।

## अमेरिका में धार्मिक स्वतंत्रता पर रिपोर्ट बनाने में एक भी हिंदू नहीं

### - एफआईआईडीएस बोला- आयोग की रिपोर्ट में विविधता और संतुलन की कमी

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका में रह रहे भारतवंशी लोगों ने अमेरिकी आयोग पर भारत और हिंदुओं को लेकर पक्षपाती रिपोर्ट तैयार करने का आरोप लगाया है। भारतीय प्रवासियों के संगठन फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने कहा है कि अमेरिका के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग में हिंदू धर्म का एक भी प्रतिनिधि नहीं है, लेकिन यह हिंदुओं के ऊपर रिपोर्ट तैयार करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट में विविधता और संतुलन की कमी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एफआईआईडीएस के खंडेराव कांड ने बताया कि आयोग में एक भी हिंदू प्रतिनिधित्व नहीं है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में विविधता लाने और उचित संतुलन बनाने के मामले में यह बड़ी चूक है। खंडेराव अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग में तीन नए आयुक्तों की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। नए नियुक्त मॉरीन फर्ग्यूसन, विकी हार्टजलर और आसिफ महमूद हैं। 14 मई को आयोग के पिछले आयुक्तों अब्राहम कूपर, डेविड करी, फ्रेडरिक डेवी, मोहम्मद माजिद, नूरी तुर्केल और फ्रैंक वुल्फ का कार्यकाल खत्म हो गया था।


खंडेराव ने कहा कि नई नियुक्तियां दर्शाती हैं कि अमेरिकी सरकार ने यूएससीआईआरएफ में विविधता और संतुलन के लिए एक हिंदू प्रतिनिधि रखने का अवसर गंवा दिया है। हालिया वार्षिक रिपोर्ट को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसी रिपोर्ट हमेशा चूक भरी होती हैं। उन्होंने कहा, अध्ययन संदर्भों को नहीं दर्शाता है। यह ऐतिहासिक तथ्य या रुझान नहीं देता। इस तरह रिपोर्ट एक नैरेटिव के हिसाब से चलने लगती है और इसलिए यह तथ्यात्मक रूप से पूर्ण नहीं होती है, और एक विवाद बन जाती है। यह निश्चित रूप से भारत विरोधी है। उन्होंने कहा कि अध्ययन में पारदर्शिता का अभाव है कि विशेषज्ञों का चयन कैसे किया जाता है या साक्ष्य कैसे एकत्र किए जाते हैं। इसमें विविधता की कमी है, जिसके चलते रिपोर्ट विवादात्मक और पक्षपाती है।

## दुनिया के ये दो देश जहां पर कम होगा न्यूक्लियर बम का असर... रहेगा जीवन संभव

वॉशिंगटन (एजेंसी)। जब से धरती के कई देशों ने न्यूक्लियर बम बनाया है, तब से ही न्यूक्लियर हमले का खतरा बना हुआ है। आए दिन देशों के बीच युद्ध होने की खबरें आती हैं, और दुनिया इसी डर में जीने लगती है कि कहीं अगर इन युद्धों ने वर्ल्ड वॉर का रूप ले लिया और किसी देश ने न्यूक्लियर बम गिरा दिया तब उसका क्या नतीजा होगा? लेकिन अमेरिका के एक पत्रकार ने सालों से इस बात पर शोध किया है कि न्यूक्लियर युद्ध का क्या असर होगा। उन्होंने बताया कि अगर धरती पर न्यूक्लियर हमला होता है, तब वे कौन से देश हैं जान बचने की संभावना ज्यादा है। उन्होंने हाल ही में धरती पर मौजूद उन 2 देशों के बारे में बताया, जहां पर रहकर न्यूक्लियर हमले से बचा जा सकता है। पत्रकार एनी ने कहा कि अगर धरती पर न्यूक्लियर हमला हो, तब 72 घंटे के अंदर 500 करोड़ लोग मर जाएंगे। बचे हुए 300 करोड़ लोगों को कई प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। 3 महाद्वीपों से लगी आग की वजह से जो धुआं उठेगा, जिसकी वजह से छोटा हिम युग का दौर शुरू हो जाएगा। इस वजह से बचे हुए लोग खाना नहीं पैदा कर पाएंगे। धरती का अधिकतर हिस्सा, खासकर बीच वाला भाग पूरी तरह बर्फ की मोटी चादर से ढक जाएगा। आइओवा और यूक्रेन जैसी जगहें 10 सालों तक बर्फ से ढक जाए गी। न्यूक्लियर विंटर का असर इतना बुरा होगा कि फसलें पूरी तरह नष्ट होगी और दुबारा नहीं उग पाएगी। इसकी वजह से लोग मर जाएंगे। रेडिएशन पॉइजनिंग भी होने लगेंगी क्योंकि ओजोन लेयर भी नष्ट हो जाएगी, इस कारण लोगों को धरती के नीचे ही रहकर खुद को धूप ते बचाना होगा। एनी ने बताया कि क्लाइमेट और एटमॉस्फियरिक साइंस के एक्सपर्ट, प्रोफेसर ब्रायन टून ने उनसे कहा था कि धरती पर सिर्फ दो जगहें बचेंगी, जहां खेती हो पाएगी, वहां हैं ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड।

## किर्गिस्तान में पाकिस्तानी छात्रों पर हो रहे हमले अब तक कईयों की गई जान

बिश्केक (एजेंसी)। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों के हमले में कम से कम तीन पाकिस्तानी छात्रों की जान चली गई। स्थानीय लोगों ने कई पाकिस्तानी और भारतीय छात्रों के हॉस्टलों को निशाना बनाया और तोड़फोड़ की। इसके अलावा बड़ी संख्या में छात्रों के घायल होने की भी खबरें है। किर्गिस सरकार के बयान में कहा गया कि अब हालात काबू में हैं और सभी सुरक्षित हैं।स्थानीय मीडिया की मानें तो किर्गिस्तानी और विदेशी छात्रों के बीच किसी मामूली बात पर झड़प हुई थी। इसके बाद इसका वीडियो वायरल होने लगा। बताया गया कि झड़प में किर्गिस्तानियों के साथ पाकिस्तानी और एजिप्ट के छात्र शामिल थे। इसके बाद किर्गिस्तानी छात्रों ने यह कहते हुए प्रदर्शन किया कि पुलिस भी विदेशी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि घटना के बाद तीन विदेशियों को हिरासत में लिया गया था। वहीं हिंसक भीड़ ने पाकिस्तानी, भारतीय और बांग्लादेशी छात्रों पर हमला शुरू कर दिया।



भारत सरकार ने भी अपने छात्रों के लिए अडवाइजरी जारी की और उन्हें घरों के अंदर रहने की ही सलाह दी है। हिंसा की खबरों के बाद किर्गिस्तान की एजेंसियों ने लोगों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया है। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय छात्रों से कहा है कि वे लगातार दूतावास के संपर्क में रहें और कोई भी परेशानी होने पर तत्काल सूचना दें। वहीं पाकिस्तान ने भी अपने छात्रों को सावधान किया है। वहां की पुलिस का कहना है कि भीड़ ने भारतीय, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी छात्रों के हॉस्टल पर हमला किया था। भीड़ को रोकने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की भी तैनाती की गई थी। सोशल मीडिया पर हिंसा के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं जिसमें कई विदेशी छात्रों की पिटाई की बात सामने आई है। पाकिस्तान का कहना है कि हिंसा प्रभावित छात्रों के लिए हॉटलाइन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा जो छात्र देश छोड़ना चाहते हैं उनको भी फ्लाइट की सुविधा दी जाएगी। वहीं सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि तीन पाकिस्तानियों की हत्या के अलावा कई महिलाओं के साथ रेप किया गया। हालांकि इसपर कोई कन्फर्म रिपोर्ट नहीं मिली है। बता दें कि किर्गिस्तान में भारत के करीब 15 हजार छात्र हैं। यह कन्फर्म नहीं है कि इनमें से कितने बिश्केक में रहते हैं। रूस, यूक्रेन और बांग्लादेश के साथ ही किर्गिस्तान भी एमबीबीएस के लिए प्रसिद्ध है। इस देश की डिग्री भी वैश्विक स्तर पर मान्य है। ऐसे में बहुत सारे लोग एमबीबीएस करने के लिए किर्गिस्तान का रुख करते हैं।


## रुस और यूक्रेन युद्ध के बीच राष्ट्रपति जेलेंस्की ने चीन से लगाई गुहार

### -शी जिनपिंग से अगले महीने शांति वार्ता में हिस्सा लेने की अपील की

कीव (एजेंसी)। रुस और यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह चीन जैसे रूस पर असर रखने वाले देशों के साथ काम करना चाहते हैं। उनका देश नए सिरे से मॉस्को के जोरदार हमले का सामना कर रहा है। उन्होंने चीन से अगले महीने शांति वार्ता में हिस्सा लेने की अपील की है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें फोन कर भरोसा दिलाया कि चीन, यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करता है। जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि फोन पर यह बातचीत कब हुई। जेलेंस्की यह यह बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिनों की चीन यात्रा के बाद आया, जिसके दौरान दोनों देशों ने गहन रणनीतिक सहयोग का वादा किया था। चीन ने कभी भी रूस के फरवरी 2022 के यूक्रेन पर हमले की निंदा नहीं की है, बल्कि चीन ने इस संघर्ष में तटस्थता का दावा किया है। अगले महीने स्विट्जरलैंड में होने वाली शांति वार्ता से पहले शी जिनपिंग ने ऐसी अपील की है, जिसमें दोनों पक्षों की स्थिति को ध्यान में रखा जाए। जेलेंस्की ने कहा कि चीन जैसे वैश्विक देशों को शामिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि रूस पर उनका असर है और जितने अधिक ऐसे देश हमारे पक्ष में होंगे उतना ही अधिक रूस को आगे बढ़ना होगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के बारे में शी जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिया था, उसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि वे समर्थन करते हैं, लेकिन वे क्या करेंगे, यह हमें अभी देखना बाकी है। बहरहाल जेलेंस्की और जिनपिंग के बीच जानकारी में आ चुकी फोन पर बात पिछले साल अप्रैल में हुई थी। जेलेंस्की ने कहा कि वह अगले महीने स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय वार्ता में चीन को देखना चाहेंगे, जिसका उद्देश्य यूक्रेन में शांति प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त करना है।

वहीं यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि रूसी सेनाएं सीमावर्ती शहर के बंदियों को ढाल बनाकर इस्तेमाल कर रही हैं। रूसी सेना ने सीमावर्ती शहर वोवचांस्क में दर्जनों नागरिकों को पकड़ रखा है। गौरतलब है कि रुस ने उत्तरी यूक्रेन में अपना हमला फिर तेज कर दिया है। पिछले हफ्ते इसने जंग के दो साल में अपना सबसे आश्चर्यजनक अभियान शुरू किया। रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले शहर खार्किव पर कब्जा करने की नई कोशिशों में उत्तरी सीमा को पार किया।



# सनराइजर्स हैदराबाद ने 4 विकेट से जीता मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के 69वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स की तरफ से कप्तानी करने वाले जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 45 गेंद में 71 रन की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट के नुकसान पर 215 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में टीम ने शुरूआत में ही आक्रामक रूख अपनाया जो अंत में थोड़ा धीमा हुआ लेकिन टीम पांच विकेट रहते जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इसी के साथ ही हैदराबाद अब टॉप 2 में आ गई है।

प्रभसिमरन ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए अथर्व तायडे के साथ 55 गेंद में 97 और दूसरे विकेट के लिए रिली रोसेयु के साथ 32 गेंद में 54 रन की साझेदारी की। तायडे और रोसेयु दोनों अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। तायडे ने 27 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 46 तो वही रोसेयु ने 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन के इंग्लैंड लौटने के कारण टीम की अगुवाई कर रहे जितेश शर्मा ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 32 रन बनाकर टीम के स्कोर को 214 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये। कप्तान पैट कमिंस और विजयकांत व्यासकांत को एक-एक सफलता मिली।



# सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता, चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराया




**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।'

सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

# ये दिग्गज खिलाडी कभी नहीं जीत पाए टी20 वर्ल्ड कप

### –1 जून से टी20 वर्ल्ड कप का खेला जाएगा 9वां संस्करण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज हम आपको 5 ऐसे दिग्गज खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने आईपीएल तो जीता लेकिन टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उनके हाथ नहीं लगी। ब्रेंडन मैकुलम की गिनती टी20 क्रिकेट के सबसे बड़े बल्लेबाज के रूप में होती है। वह टी20 इंटरनेशनल में एक हजार और दो हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज थे। इसके बाद भी कभी टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए। वहीं 2012 में आईपीएल जीतने वाले केकेआर टीम में वह थे। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने 2008 में राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल का खिताब जीता था। वह चेन्नई के साथ भी लीग जीत चुके हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए वह टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ भी टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए। उनकी कप्तानी में टीम ने का प्रदर्शन दमदार रहा लेकिन वह कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई। हालांकि राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए स्मिथ ने आईपीएल जीता था। मुथैया मुरलीधरन ने पहले तीन टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। 2009 में उनकी टीम फाइनल में पाकिस्तान से हार गई। वहीं आईपीएल में वह 2010 में चैंपियन बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। सुरेश रैना 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उसके बाद 2009 से 2016 तक सभी टूर्नामेंट में वह टीम में थे लेकिन भारत को किसी में जीत नहीं मिली। रैना को मिस्टर आईपीएल कहा जाता है और वह 2010, 2011, 2018 और 2021 में विजेता बनने वाली चेन्नई का हिस्सा थे। बता दें कि 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप खेला गया था। उसके एक साल बाद 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग मानी जाती है। वहीं वर्ल्ड कप इंटरनेशनल टी20 का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। हर खिलाड़ी दोनों को जीतने का सपना दिखता है। अभी आईपीएल का 17वां सीजन चल रहा है। वहीं 1 जून से टी20 वर्ल्ड कप का 9वां संस्करण खेला जाएगा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में

**हैदराबाद (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। अगले महीने 2 जून से टी2 वर्ल्ड कप का नौवां एडिशन वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित होगा। टी20 वर्ल्ड कप में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 24 मई को भारतीय टीम का पहला जत्था विश्व कप के लिए उड़ान भरेगा। जो टीमें आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंची हैं, उनमें शामिल वर्ल्ड कप के लिए भारतीय खिलाड़ी बाद में जाएंगे।

भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में विश्व कप खेलेगी। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों दिग्गजों का यह आखिरी टी20 विश्व कप हो सकता है। ऐसे में दोनों इस विश्व कप को अपने धमाकेदार प्रदर्शन से यादगार बनाना चाहेंगे। टी20 विश्व कप में सुरेश रैना इकलौते भारतीय हैं जिनके बल्ले से शतक आया है। विराट और रोहित के पास रैना के इस खास क्लब में शामिल होने का सुनहरा मौका है। सुरेश रैना ने 2010 टी20 वर्ल्ड कप में शानदार सैकड़ा जड़ा था। बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज रैना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक ठोका था। उस एडिशन में दो बल्लेबाजों ने शतक जमाए थे। रैना के अलावा श्रीलंका के दिग्गज माहेला जयवर्धने ने भी एक शतकीय पारी खेली थी। रैना ने 60 गेंदों पर 9 चौकों और 5 छक्कों की मदद से शतक ठोका था। ग्रोस आइलेट में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम 14 रन से विजयी रही थी। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अभी तक 11 शतक लग चुके हैं। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2007 में की गई थी।




टी20 विश्व कप के पहले एडिशन में सिर्फ एक शतक विंडीज के धुरंधर क्रिस गेल ने लगाया था। आईसीसी के इस मेगा टूर्नामेंट में गेल के नाम सर्वाधिक 2 शतक जड़ने का रिकॉर्ड है जबकि इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाज ये कारनामा कर चुके हैं। टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम के नाम है। मैकुलम ने 72 गेंदों पर 123 रन की पारी खेल चुके हैं। विराट कोहली का टी20 विश्व कप में सर्वोच्च स्कोर नाबाद 89 रन है। वह 27 मैचों में सर्वाधिक 1141 रन बना चुके हैं। उनके नाम 14 अर्धशतक दर्ज हैं वहीं रोहित शर्मा का टी20 विश्व कप में सर्वोच्च निजी स्कोर 79 रन रहा है।

# मैंने सबसे कठिन पिच पर बल्लेबाजी की : डुप्लेसी

बेंगलुरु । रॉयल चैलेजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने प्लेऑफ में पहुंचने के बाद कहा कि यहां की पिच टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और उसपर 200 से अधिक रन बनाना कठिन नजर आ रहा था । उन्होंने कहा कि इस पिच पर 200 से अधिक रन बनाना बेहद कठिन था । इसके अलावा यश दयाल ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की । मैच में जीत से उत्साहित डुप्लेसी ने कहा, 'मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे कठिन पिच पर यहीं बल्लेबाजी की है । यह इतनी कठिन लग रही थी कि 150 रन बनना भी कठिन लग रहा था । यह पिच रांची की तरह व्यवहार कर रही थी जिसपर 200 से अधिक रन बनान कठिन था । उन्होंने कहा, 'जब हम हार रहे थे तब भी प्रशंसकों का समर्थन हमको मिल रहा था । जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के आभारी हैं ।

# भारतीय टीम का कोच बनना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक भी, ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने भारतीय टीम के कोच बनने पर अपना बयान दिया है । उन्होंने कहा कि भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और अगर समय सही नहीं हो तो यह थकाऊ काम भी हो सकता है । आईपीएल सीजन में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बारे में पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है । लैंगर ने कहा कि यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। उन्होंने कहा कि एक तो इतना ज्यादा क्रिकेट खेला जा रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का दबाव । यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा । उन्होंने कहा कि इसके लिए सही समय की जरूरत है । मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार रहा । ये काफी थकाऊ काम है । उन्हेंने कहा कि मेरा मानना है कि राहुल द्रविड़ भी यही कहेंगे और रवि शास्त्री भी यही कहेंगे । भारतीय टीम पर जीतने का दबाव बहुत ज्यादा है । उम्मीद है कि जो भी अगला कोच होगा, वह इसे लेकर काफी रोमांचित होगा। लैंगर ने आईपीएल के दबाव की तुलना विश्व कप से करते हुए कहा कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ घरेलू लीग है । उन्होंने कहा इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा है । इतने अच्छे खिलाड़ी और टीमें हैं । प्रदर्शन का भारी दबाव रहता है । यह विश्व कप की तरह ही है और दबाव भी वैसा ही रहता है । मुझे आईपीएल इतना पसंद है कि अब घर जाते हुए बुरा लग रहा है ।



# आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचाने में रजत की अहम भूमिका : हरभजन

बेंगलुरु । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) को प्लेऑफ में पहुंचाने में रजत पाटीदार का योगदान भी अहम है हालांकि उन्हें इसका श्रेय नहीं मिला है । हरभजन के अनुसार सीएसके के खिलाफ अहम लीग मुकाबले में रजत ने अपनी आक्रामक पारी से मैच बदल दिया था। वहीं आरसीबी सत्र के अपने पहले सात मैचों में केवल एक जीत के बाद प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही थी। इस मैच में विराट के आउट होने के बाद पाटीदार आए और उन्होंने स्पिनरों की सहायक पिच पर सतह केवल 23 गेंदों पर ही 41 रन बना दिये । पाटीदार ने अपनी पारी में चार छक्के और दो चौके लगाये । हरभजन ने कहा, कोहली और फाफ डूप्लेसी ने जब गेंद बहुत घूम रही थी पर मुझे लगता है कि पाटीदार के तेजी से रन बनाने से गेंदबाजों पर दबाव आया । । इस मैच में सीएसके की ओर से महेन्द्र सिंह धोनी ने 110 मीटर का छक्का लगाकर पूरा स्टेडियम का रूख अपने तरफ कर दिया पर यश दयाल ने धैर्य बनाए रखा और धोनी को आउट करके आरसीबी को प्लेऑफ में पहुंचा दिया । उन्होंने चार गेंदों में केवल एक रन दिया और आरसीबी को 27 रन से जीत दिलाई। हरभजन ने कहा, यश दयाल सुपरहीरो बन गए, धोनी का विकेट लेने के बाद उन्होंने चार गेंदों में केवल एक रन दिया जो हैरान करने वाला प्रदर्शन था ।



# टी20 विश्व कप में 'इम्पैक्ट प्लयेर' नियम का नहीं होना अंतर पैदा करेगा: शिखर धवन

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** मुंबई । शिखर धवन का मानना है कि इस साल क्रिकेट में काफी बदलाव आया है लेकिन उन्हें लगता है कि आगामी टी20 विश्व कप में इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) की तरह बड़े स्कोर देखने को नहीं मिलेंगे क्योंकि इसमें 'इम्पैक्ट प्लेयर' का विकल्प उपलब्धनहीं होगा। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के अंतर्गत टीमों को एक अतिरिक्त बल्लेबाज या एक गेंदबाज खिलाने का मौका मिल जाता है और माना जा रहा है कि इसी के कारण इस आईपीएल में रिकॉर्ड स्कोर की संख्या बढ़ गयी। इससे आईपीएल में आठ बार 250 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया गया। गेंदबाजों की परेशानी ने बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने की बहस फिर से शुरू कर दी क्योंकि इस नियम की वजह से आईपीएल में विकेट और परिस्थितियां आम तौर पर बल्लेबाजों के पक्ष में होती हैं।

धवन ने पीटीआई से कहा, ''मुझे लगता है इस साल खेल काफी बदल गया है और यही वजह है कि 250 रन का स्कोर बन रहा था। मानसिकता निश्चित रूप से बदल गई है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन जब आप विश्व कप में खेलोगे तो इसमें 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम नहीं होगा और इसका असर निश्चित रूप से दिखेगा। इससे अंतर पैदा होगा और सबसे अहम यही होगा कि हम परिस्थितियों से तालमेल कैसे बिठाते हैं।'' धवन ने 'जियो सिनेमा' पर टीवी शो 'धवन करेंगे' में कहा, ''इम्पैक्ट प्लेयर नियम आने के आने के बाद सोच बदल गई है। मध्यक्रम के बल्लेबाज को पता होता है कि आठवें और नौंवे नंबर तक बल्लेबाजी होगी तो वे आक्रामक रूख अख्तियार करते हैं। इसी वजह से इतने बड़े स्कोर बने।




# आरसीबी इस सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाने वाली टीम बनी

बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ प्लेऑफ के अहम मुकाबले में जीत के दौरान ही एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है । आरसीबी ने सीएसके के खिलाफ 20 ओवरों में पांच विकेट पर 218 रन बनाये । इस प्रकार आरसीबी ने सत्र में छठी बार 200 से अधिक रन बनाये हैं । इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के इस सत्र में छह बार 200 से अधिक रन बनाने के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली । मैच में आरसीबी ने पहले खेलते हुए 16 छक्के लगाए इससे उनके छक्कों की संख्या बढ़कर 157 पहुंच गयी। इस प्रकार आरसीबी किसी टी20 टूर्नामेंट के एकल संस्करण में 150 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सत्र में 146 छक्के लगाये हैं । सीएसके के खिलाफ विराट भले ही अर्धशतक नहीं लगा पाये पर अपनी 47 रन की पारी खेलकर वह सत्र में 708 रन पर पहुंचकर ऑरेंज केप के सबसे प्रबल दावेदार बने हैं । आईपीएल इतिहास में अब क्रिस गेल के साथ विराट कोहली ही दो सीजन में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर हैं । यही नहीं विराट कोहली सत्र में सबसे ज्यादा 37 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं ।




# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का यूरोप दौरे में पहला मुकाबला बेल्जियम से होगा



बेंगलुरू । कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने यूरोप दौरे की शुरुआत 21 मई से करेगी । इस दौरान भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का मुकाबला बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश, जर्मनी और ओरांजे रूड से होगा । इसके बाद भारतीय टीम 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ उतरेगी । भारतीय टीम 24 मई को बेल्जियम से एंटवर्प जबकि 26 मई को जर्मनी से ब्रेडा में खेलेगी । इसके बाद टीम 27 मई को फिर से जर्मनी जाएगी और 29 मई को ब्रेडा में ओरांजे रूड के साथ मुकाबले से अपने युरोप दौरे का समापन करेगी । दौरे पर रवाना होने से पहले कप्तान ज्योति ने कहा, टीम पूरे यूरोप की यात्रा करने और कुछ प्रमुख यूरोपीय युवा हॉकी क्लबों के साथ-साथ कुछ सबसे कठिन अंतरराष्ट्रीय युवा टीमों का सामना करने के लिए उत्साहित है । साथ ही कहा कि इस दौरे से हमें काफी अनुभव मिलेगा । इससे हम खेले में अपने बेहतर और कमजोर पक्ष को समझ सकेंगे । हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं पो विरोध टीमों के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार हैं । वहीं कप्तान रोहित के नेतृत्व में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 मई को एंटवर्प में अपना पहला मुकाबला बेल्जियम से खेलेगी । वहीं रिवर्स मैच 22 मई को खेला जाएगा और उसके बाद 23 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ मैच खेला जाएगा । इसके बाद भारतीय टीम अपने दौरे की समाप्ति पर 28 मई को मोनचेंग्लादबाक में और 29 मई को ब्रेडा में जर्मनी से खेलेगी । कप्तान रोहित ने कहा कि इस यूरोप दौरे से टीम को काफी कुछ सीखने को मिलेगा ।

# दीक्षा सहित तीन भारतीय महिला गोल्फरों को जर्मन मास्टर्स में कट मिला

ब्रेंडेनबर्ग । भारत की तीन महिला खिलाड़ी प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक शानदार प्रदर्शन के साथ ही अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ के कट में पहुंच गयी हैं । इस मैच में प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला । इस दौरान 2 दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ ही संयुक्त 30वें स्थान पर पहुंच गयीं । त्वेसा 77 के साथ ही पांच ओवर के स्कोर से कट में जगह बनाने में सफल रही । वहीं इस टूर्नामेंट में भाग ले रही 4 अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह 75 एक शॉट से, वाणी कपूर 77 तीन शॉट से और अमनदीप द्राल 78 5 शॉट से कट में जगह नहीं बना पायी ।

# धोनी सीएसके परिवार का हिस्सा या मेंटोर नहीं रहेंगे तो मुझे आश्चर्य होगा: मैथ्यू हेडन


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके ) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

जीत के लिए 219 रन का पीछा करते हुए सीएसके को फाइनल में पहुंचने के लिए 201 रन की जरूरत थी लेकिन टीम सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी। आखिरी ओवर फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को 17 रन की जरूरत थी। धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाये रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद टीम चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाये। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके पूर्व सलामी बल्लेबाज हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा। हेडन ने 'स्टार स्पोर्ट्स' के कार्यक्रम 'क्रिकेट लाइव' पर कहा, '' मुझे लगता है कि धोनी ने अपना आखिरी मैच खेल लिया है। ऐसा नहीं है कि हम आईपीएल में धोनी को आखिरी बार देख रहे हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा अगर वह आधिकारिक क्षमता में सीएसके के परिवार का मार्गदर्शन नहीं करेंगे या उसका हिस्सा नहीं बनेंगे।'' उन्होंने कहा, '' जब आप किसी के करियर का अंत होता देख रहे होते हो तो आप यह नहीं चाहते कि उस खिलाड़ी को असफलता के साथ विदाई मिले।''

धोनी की कप्तान में खेल चुके हेडन ने कहा, '' एक कप्तान के तौर पर वह चेन्नई सुपर किंग्स के 'थाला ( बड़ा भाई )' है। वह अपने दिमाग और क्रिकेट के सारे ज्ञान का शानदार तरीके से इस्तेमाल करते हैं।'' इसी कार्यक्रम में भारतीय टीम के खिलाड़ी अंबाती रायुडू ने उम्मीद जताई कि धोनी आगामी सत्र में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि यह उनका आखिरी मैच था। मैं उन्हें इस तरह से करियर खत्म करते नहीं देख सकता।'' धोनी की अगुवाई में आईपीएल चैंपियन टीम का हिस्सा रहे रायुडू ने कहा, '' वह जब आउट हुए उस समय काफी निराश दिख रहे थे। यह धोनी का अंदाज नहीं था। वह क्वालीफाई (प्लेऑफ) करके अपने करियर को शीर्ष पर अलविदा कहना चाहेंगे।''

उन्होंने उम्मीद जताई की इंपैक्ट प्लेयर नियम बरकरार रहेगा जिससे धोनी को टीम का हिस्सा बने रहने में आसानी होगी। रायुडू ने कहा, '' आप धोनी के बारे में कुछ अंदाजा नहीं लगा सकते है, वह अगले साल फिर से वापसी कर सकते है। इंपैक्ट प्लेयर नियम से उन्हें आखिरी के कुछ ओवरों में बल्लेबाजी करने का मौका मिल सकता है। बीसीसीआई को इस नियम को बनाये रखना चाहिये क्योंकि हम धोनी को खेलते देखना चाहते है। अब गेंद बीसीसीआई के पाले में है कि हम धोनी को खेलते देख सकेंगे या नहीं।



# प्लेऑफ से बाहर होने से निराश ऋतुराज बोले, खिलाड़ियों के चोटिल होने से नुकसान हुआ

बेंगलुरु (ईएमएस) । आईपीएल में प्लेऑफ से बाहर होने से निराश चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके ) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि कई खिलाड़ियों के फिट नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ है । सीएसके अपनी अहम लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से 27 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी थी । रुतुराज ने कहा कि यह एक अच्छा विकेट था । स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। गायकवड़ ने कहा कि हमारे लिए खिलाड़ियों का बाहर होना नुकसानदेह रहा । डेवेन कॉनवे के नहीं होने से भी असर पड़ा । इसी कारण हमें पहले गेम से ही चुनौतियां मिल रही थीं। हमारे गेंदबाज पथिराना भी बाहर थे। हम मुस्तिफिजुर रहमान भी स्वदेश लौट गये थे । इसी कारण टीम के लिए संतुलन बनाना कठिन हो गया था । मेरे लिए व्यक्तिगत उपलब्धियां बहुत मायने नहीं रखतीं । हमारा अंतिम पुरस्कार जीतना होता है । हम इसे हासिल नहीं कर सके, इसलिए व्यक्तिगत रूप से मैं थोड़ा निराश भी हूं। हमने पिछले साल अपने आखिरी नॉकआउट गेम में आखिरी 2 गेंदों पर 10 रन बनाए थे, इसलिए यह एक समान स्थिति थी, हालांकि इस सत्र में चीजें हमारे अनुरुप नहीं रहीं । सीएसके ने लीग के पहले 9 मैचों में से पांच मैच जीतकर अच्छी स्थिति बनाई थी पर 10वें मुकाबले में वह जैसे ही पंजाब किंग्स से हारी, अंक तालिका में वह पीछे हो गयी । यहीं से उसकी हार का सिलसिला शुरु हो गया ।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in